Archiv der Gossner Mission
im Evangelischen Landeskirchlichen Archiv in Berlin

Signatur **Gossner_G 1_0383**

Aktenzeichen ohne

Titel

Martin Seeberg: Die Geschichte der Gossnerkirche. Übersetzung ins Hindi als Manuskript

Band

Laufzeit ohne Datum

Enthält

Digitalisiert/Verfilmt 2009 von Mikro-Univers GmbH

Gossner Mission

Martin Seeberg: Geschichte der Gossner Kirche

Übers. in 'Kunde' als Manuskript.

vom: _____ bis: _____

vorherige Akte von: _____ bis: _____

im Archiv unter Nr.: _____

LEITZ
Schnellhefter
Rapid 2 DIN A 4
bei Amtsheftung ist diese Seite oben

Gossner Mission

Gossner Mission

मार्टिन मेवर्ग

गोसनर एवंजेलिकल लुथेरान चर्च छोटानागपुर और आसाम का इतिहास (१९१९ - १९६९)

गोसनर मिशन के क्यूरेटोरियम की ओर से पादरियों, प्रचारकों एवं शिक्षकों के लिए एक अनुदान।

अनुवादक

सिंगराय कुला एम० ए०, बी० एल०

सूचीपत्र

पृष्ठ पृष्ठ

पहला अध्याय

गोसनर मिशन का मिशन क्षेत्र १८४५-१९१५ ३

१. आरम्भ (१८४५ ई०) ४

२. १८५७ ई० का सिपाही-विद्रोह १०

३. १८६६ ई० की फूट और चर्च का बिगाड़ना १६

४. सरदार (१८८०-१९००) २२

५. मंडलियों की वृद्धि ३१

दूसरा अध्याय

गोसनर चर्च को आटोनोमी की प्राप्ति १९१९ ४६

१ मिशनरियों का देश छोड़कर जाना ४६

२. जाँच-पड़ताल ५५

३. स्वतंत्रता (Autonomy) की घोषणा ६५

तीसरा अध्याय

गोसनर चर्च पुराने भारत में १९२०-४६ ८१

१. पहली चर्च कौंसिल के नेतृत्व में (१९२०-१९२४) ८१

२. मिशनरियों का वापस लौटना (१९२५) ९४

३. सन् १९३५ ई. में स्कूल का झगड़ा एवं उसका परिणाम ११२

४. भारत का स्वतंत्र होना १३५

चौथा अध्याय

गोसनर चर्च नये भारत में (१९४७-१९६०) १४८

१. एक नया आरम्भ १४८

२. विदेशी मित्र १६१

३. चर्च की एकता १७३

४. सन् १९६० ई. का नया संविधान १८७

पाँचवा अध्याय

गोसनर चर्च की सेवा १९६०-१९९९

१. सुसमाचार-प्रचार २०१

२. गोसनर चर्च की सामाजिक सेवा २१४

३. एक बड़ा उत्तरदायित्व २२९

४. अधूरे-काम २४१

पहला अध्याय

गोसनर मिशन का मिशन-क्षेत्र

१८४५ - १९१५

गोसनर मिशन का इतिहास एक ईश्वरीय काम है। उसके अभिप्राय और कार्यक्रम में किसी प्रकार के अड़चन अथवा रुकावट नहीं आए। विभिन्न जातियों के मनुष्यों और भाषाओं को अपने सुसमाचार प्रचार करने के साधन के रूप में ईश्वर की सेवा करनी ही पड़ी। उसका काम अभी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन अब उसकी पूर्णता की दिशा में एक कदम उठाया जा चुका है। उसकी महिमा और प्रशंसा हो!

Gossner Mission

१ आरम्भ (१८४२ई.)

भारत में मसीही-सुसमाचार का आगमन बहुत ही प्राचीन काल में हो चुका था। ई. सन् 300 के के आस-पास ही हमें दक्षिणी-भारत में पहली मसीही-मंडलियों के बारे सुनते हैं। परन्तु छोटानागपुर अब तक ईश्वर का वचन नहीं पहुँचा था। इसके बारे में हम तब सुनते हैं जब जोहानेस एवांगेलिस्ता गोसनर बर्लिन से बहुत से जर्मन-मिशनरियों को बाहर भेजते हैं। उनमें से उन्चालिस व्यक्ति पहले नागपुर, जबलपुर, मद्रास, दार्जिलिंग तथा गंगा नदी के पाट में बसे शहरों में मसीह के सुसमाचार का प्रचार करने लगे। इस सुसमाचार

Gossner Mission

की पहली पुकार आदिवासियों के पास तब पहुँची जब कलकत्ते में उसके बारे निर्णय हुआ। वहाँ झुंड के झुंड आदिवासी रास्तों में काम करते थे। इन लोगों की ओर ऐसे समय में चार गोसनर-मिशनरियों का ध्यान बरबस चला गया जब वे इस पशोपेश में पड़े हुए थे कि अब उन्हें कहाँ मसीही-वचन का प्रचार करना चाहिए। उन्हें मूल में बर्मा और तब पंजाब में काम करना था। लेकिन उसके बदले वे अब आदिवासियों के देश में चल पड़े। कलकत्ते से राँची पहुँचने में उन्हें बीस दिन लग गए। राँची में उनका आगमन

Gossner Mission

२ नोवेम्बर १८४५ ई० में हुआ। इन चार मिशनरियों का नाम था एमिल शत्स (Emil Schatz), आगुस्त ब्रांत (August Brandt), फ्रिड्रिक बत्श (Friedrich Batsch) और थेयोदोर यांके (Theodor Janke)। उन्हें काफी बड़ी जमीन दान में मिली; और एक मिशन-स्टेशन खोली गयी। उसके तुरंत बाद एक दूसरा और फिर तीसरा मिशन-स्टेशन क्रमशः डोम्बा (१८४६ ई०) एवं लोहरदगा (१८४८ ई०) में स्थापित किए गए। १८५० ई० के भीतर बारह मिशनरी जर्मनी से आए। लेकिन अब तक बहुत परिश्रम करने पर प्रभु के वचन

Gossner Mission

का कोई असर नजर नहीं आया। दुःख-
तकलीफ, रोग शोक और मृत्यु के कारण
मिशनरियों के उत्साह में कोई ज्ञान बाकी नहीं
रह गयी। उन्होंने बर्लिन के लिए निश्चित अपने
एक पत्र में लिखा: "हमारी अभिलाषा है कि
हम एक दूसरे क्षेत्र की खोज करें जहाँ बड़ी
आशा के साथ प्रभु का काम कर सकें।"
गोसनर ने जलाव में लिखा: "आदिवासी
अपना धर्म बदलें अथवा न बदलें, उसे
तुम सबों को बेचैन होने की जरूरत नहीं,
यदि वे ईश्वर का वचन ग्रहण नहीं करते
हैं तो उसकी जवाबदेही महाविचार के दिन
उनके सिर पर पड़े। लेकिन तुम सब
शांति से प्रार्थना और प्रचार के काम

Gossner Mission

में लगे रहो, हम भी यहां उसके लिए और भी अधिक प्रार्थना करेंगे।"

आदिवासी ईश्वर का वचन ग्रहण करना चाहते थे। ९ जून १८२० ई. को पहले पहल चार उरांव भाईयों — कासु, बन्धु, गुर्का, नविन और पोरिन को बपतिस्मा दिया गया। वे सब किसान थे। उनमें विशेषकर पोरिन सुसमाचार प्रचार करने के काम में बहुत ही परिश्रमी निकले, अतः उनको पहला भारतीय-मिशनरी कहा जा सकता है। वह अपने ग्रामीण-भाईयों को पढ़ाना शुरू किया तथा प्रतिदिन गिर्जा भी करता था।

Gossner Mission

आस-पास के गाँवों में भी जाकर वह ईश्वर का सुसमाचार लोगों को सुनाने लगा।

२५ अक्टोबर १८५१ ई० को सर्वप्रथम दो मुण्डा भाईयों को बपतिस्मा दिया गया। उनमें एक का नाम साधो मुण्डा और दूसरे का मसीहू मुण्डा था, पहला अम्बि तंधुआ और दूसरा बालालोंग का रहने वाला था। सुसमाचार अब राँची के क्षेत्र से बाहर भी फैलने लगा। २५ दिसम्बर १८५५ ई० को चालीस तंगालियों को, जो इलो-आर्गो के निवासी थे बपतिस्मा दिया गया, उनमें से एक ~~[illegible]~~ पौलुस नेगो राँची के थे। फार्टुम जो बसिया के नजदीक है, दो खड़िया -

Gossner Mission

भाई मंगरू और बन्धु बपतिस्मा लेने के लिए आए। राँची अब एक केन्द्र-सा बन गया। जब १८ नोवेम्बर १८५१ ई० को राँची ख्रिस्त गिर्जा की नींव डाली गयी तो उस वक्त वहाँ के मसीही-मंडली की संख्या केवल चालीस की। १८५५ ई० में यहाँ जन्मपर्व का पहला गिर्जा हुआ। इस मंडली की वृद्धि में लड़ाई के कारण कुछ समय के लिए रुकावट आ गयी।

२. १८५७ ई० का सिपाही-विद्रोह

ई० सन् १८५७ में जो सिपाही-विद्रोह उत्तरी भारत में हुआ उसमें हिन्दू और मुसलमान दोनों ने भाग लिया। कंधे में कंधे मिलाकर

Gossner Mission

उन्होंने अंग्रेजों के शासन को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए जहां-तहां विद्रोह कर दिया। दिल्ली और लखनऊ के सिपाहियों के बीच यह विद्रोह आग की तरह बढ़ उठी और कुछ नवाब भी उसमें मिल गए। इस क्रांति की आग में छोटानागपुर भी जल उठा तथा भारतीय सिपाहियों की एक रेजीमेंट रांची को इसे बचाने के लिये यहां छावनी लगा कर बैठ गयी।

आदिवासियों ने इस विद्रोह में भाग नहीं लिया क्योंकि उन्हें हिन्दुओं के राज में अधिक दुःख और तकलीफों का सामना करना पड़ता था बनिस्बत की अंग्रेजों की छत्रछाया में। नयी इसाई-मंडलियों

Gossner Mission

को इस प्रकार सताया जाने लगा कि जर्मन-मिशनरियों को भी कलकत्ता भाग कर अपनी जान बचाने की नौबत आ गयी। राँची ख्रिस्त गिर्जा को बम से मारा गया और चर्च-कम्पौंड में बसे घरों को लूट-पाट कर उजाड़ दिया गया। उन्हें विभिन्न ढंग से सताया जाने लगा क्योंकि उन्होंने घृणित सफेद साहेबों का धर्म और विश्वास को ग्रहण किया था। यहां तक की ~~कई~~ नन्हें-मुन्ने बच्चे भी उनके क्रूर हाथों से अछूता न रहे, और उनका यह कह कर खिल्ली उड़ाया गया: "हां, अब कहो, तुम सबों का यीशु कहां है?" बहुतों ने जंगल में भाग कर आश्रय लिया।

Gossner Mission

रांची एवं आस-पास के ईसाईयों के लिए यह सबसे पहला अवसर था जब बिना बाहरी सहायता के अपने विश्वास में टिके रहें। कलकत्ता में ठहरे हुए मिशनरियों के पास कोई आशा बाकी रह नहीं गयी थी, और इसलिए शास ने अमेरिका में एक नये कार्यक्षेत्र ढूंढने का सलाह दिया।

लेकिन जब विद्रोह को कुछ ही महीनों में दबा दिया गया तो मसीही-मंडली सलाहट के फलस्वरूप कमजोर होने के बदले और भी अधिक मजबूत हो उठी। इन बड़े कठिनाईयों के दिनों में एक सौ पचास नए व्यक्तियों ने बपतिस्मा लेने की इच्छा

Gossner Mission

प्रकट किया और उन्होंने ने यीशु का बपतिस्मा लिया। यह शुभ संदेश जब जोहानेस एवंगेलिस्ता गोसनर को बर्लिन में मिला तो वे बहुत ही जोर से बीमार थे। यह उनके लिए एक बड़े आनन्द का अंतिम समाचार था।

अब राँची में मसीही-धर्म की धारा आदिवासियों के बीच इस कदर फूट पड़ी कि राँची के बाहर के स्टेशनों में काम बंद कर दिया गया और राँची में बड़े जोर-शोर से बपतिस्मा लेने के लिए इच्छुक लोगों को केन्द्रित ढंग से शिक्षा दिया जाने लगा। प्राचीनों को गाँवों में

Gossner Mission

भेजा गया और उन्हें इस बात के लिए उत्तरदायी ठहराया गया जिसे कि वहाँ की मंडलियाँ ठीक से चलें।

१८५९ ई. में तीन भारतीय प्रचारक सुसमाचार प्रचार करने के लिए भ्रमण करने लगे। उनका काम था बपतिस्मा लेने वालों की परीक्षा करना और उनसे कैटेकिस्म को दुरुस्त करवाना। कम-से-कम छः महीनों की अवधि के बाद बपतिस्मा लेने वालों को प्रचारकगण मिशनरियों के पास लाते थे और उन्हें तीन सप्ताह तक बपतिस्मा की तालीम दी जाती थी। १८६३ ई. में पुरुलिया और १८६५ ई. में चाईबासा मिशन-स्टेशनों की

Gossner Mission

स्थापना हुई। मसीही लोगों की संख्या इस वक्त दस हजार थी।

३. १८६६ ई. की फूट और चर्च का विभाजन

इस वक्त एक ऐसी दुःख भरी घटना हुई जिसका परिणाम पचास वर्षों के बाद भी मिट न सका। मिशनरियों के बीच मत-भेद होने के फलस्वरूप चर्च दो भागों में अलग हो गया।

गोसनर की मृत्यु के बाद बर्लिन में एक कन्सिस्टोरियम बनायी गयी जो इस बात में बहुत जोर देने लगी कि अधूरी छोड़ी हुई मिशन-क्षेत्र की समस्याओं को सुलझाया जाए। मिशनरियों के काम करने के ढंग

Gossner Mission

में जो पूरी स्वतंत्रता थी उसका फल यह हुआ कि मसीही-मंडलियां मिशनरियों की आत्मिक धार्मिकता से बहुत ही प्रभावित हुए। इसका महत्व चर्च-शासन के लिए कुछ खास नहीं था लेकिन कुछ व्यक्तियों की नजरों में बपतिस्त-मंडली छोटानागपुर में होने वाली चर्च के लिए एक नमूना था। इसके अलावा प्रतिदिन धर्म खोजकों की संख्या में वृद्धि आने के कारण शामिल स्थान बनाना और नए मिशन-स्टेशनों का खोला जाना जरूरी हो गया। भविष्य में कुरोटोरियम के अनुमति बिना कोई भी नया मिशन-स्टेशन की स्थापना नहीं हो सकती थी, क्योंकि रुपया-पैसा

Gossner Mission

का हिसाब-किताब और मिशन के ज़ायदाद का ठीक से शासन करना बहुत ज़रूरी हो गया। चौदह ~~मिशनरी~~ मिशनरियों में छः मिशनरी काम करने के इन नए तरीकों से बिलकुल असहमत थे, उनको ये बात कतई पसंद नहीं थी कि उनके काम के विरुद्ध किसी प्रकार की शिकायत पेश की जाए।

इस झगड़े में भारतीय ईसाई-मंडली मंडली को भी फंसाया गया जब कुछ अनाज्ञाकारी मिशनरी अपना काम ज़ारी रखे और करीब आधे बपतिस्मा लिए हुए मसीही-भाईयों को अपनी ओर मिला लिए। एंगलिकन बिशप ने

Gossner Mission

इस नाजुक मौका से फायदा उठाया और रांची में एक मुलाकात के अवसर पर तीन जर्मन-मिशनरियों को पादरी का पदाभिषेक दिया तथा सहस्रों मसीही-भाईयों को अपने चर्च में मिला लिया। इस घटना के कारण अंत में १८९९ ई. में चर्च दो भागों में बंट गया। उसी समय से एक ही स्थान में दो एंग्लिकन चर्च बन गए और इस दुर्घटना के फलस्वरूप बाद में जब १९१९ ई. में गोसनर चर्च की ओटोनोमी-घोषणा हुई तो एंग्लिकन चर्च से कदम-से-कदम मिलाकर चलना असंभव-सा हो गया।

Gossner Mission

मिशनरियों के बीच इस बुरे मत-भेद एवं झगड़े को दृष्टि में रखते हुए यह भी कहा जा सकता है कि इसका असर आने वाले वर्षों में होने वाले चर्च के अगुओं पर भी पड़ा।

यह एक अनोखी बात है कि इस प्रकार की दुर्घटनाओं के बावजूद भी चर्च की बढ़ती में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आयी वरन् वह और भी जोर पकड़ती गई। अतिशीघ्र एक के बाद दूसरे स्टेशनों की नींव कुड़जु (१८६६ई), गोविन्दपुर (१८७०ई), लोहरदगा (१८७१ई) और टकरमा (१८७२ई) में डाली गयी। मिशनरियों की संख्या के साथ-साथ—

Gossner Mission

जर्मनी की आर्थिक-सहायता में भी वृद्धि होने लगी।

अगले दस वर्षों में लुथेरान विश्वास की शिक्षा मंडलियों में काफी मजबूत हो गयी। वास्तव में कहा जाए तो यह सब प्रेडिग नोतरोत (Praeses Notrot) के लम्बे वर्षों के आदर्शमय परिश्रम का फल था।

बहुत से बपतिस्मा लेने के लिए इच्छुक आदिवासियों में न केवल धर्म की लालसा और न ही मसीही-मंडलियों से मिल जाने का अभिप्राय था, परन्तु इस नये सुसमाचार से उन्हें एक नये जीवन की आशा मिली, क्योंकि दयालु और प्रेमी ईश्वर जो मसीह यीशु में हैं, भय और

Gossner Mission

भूत-प्रेतों से छुटकारा देने वाला है। इस सब के होने पर भी यह प्रतीकात्मक प्रश्न हमारे सामने रह ही जाता है कि क्या मनुष्यों के बाहरी जीवन में बड़े सामाजिक न्याय से परिवर्तन लाया जा सकता है।

४ सरदारें (१८८०-१९००)

आदिवासी किसानों की हालत शताब्दियों से खराब होती जा रही थी। कभी वे जमीन के स्वामी थे, लेकिन कपटी जमींदारों एवं ठीकेदारों ने उनके साथ मनमाना करना शुरू कर दिया। कानून, शासन और ~~पुलिस~~ पुलिस

उनके कब्जे में था। झूठी गवाही देकर इन निर्दोष किसानों से जमीन छीन लेना प्रतिदिन की बात थी। शान्ति एवं शासन को ध्यान में रखते हुए अंग्रेजों ने १८२० ई० और १८३२ ई० में होने वाले किसानों के विद्रोह को कठोरता से दबा दिया। इस बीच में जमीन का माप हुआ। लेकिन जमीन मापने वाले या तो हिन्दु और घूस लेते थे अथवा आदिवासी मालगुजारी की वृद्धि के डर से गलत बात (statement) कह देते थे। वास्तविकता यही थी कि किसी प्रकार का सुधार नहीं हुआ। सभी गाँवों में अन्याय और गैरकानूनी दबाव

Gossner Mission

का राज था। अनपढ़ आदिवासियों को इस वक्त मदद की बहुत ज्यादा जरूरत थी। बपतिस्मा लेने वालों की एक बड़ी संख्या इस मामले में गरीबी-मंडलियों से संरक्षण और सहायता चाहती थी। मिशनरियों के सामने यह सवाल था, क्या आदिवासियों को जमीन-अधिकार के सिलसिले में मदद करना चाहिए?

बहुत से मामलों में उन गरीबी-भाईयों को संरक्षण दी गयी जो निर्दयता से सताए गए थे। उन्हें कानूनी-विषयों में सलाह देने के लिए एक वकील नियुक्त किया गया। सरकारी-अधिकारी

के पास मिशनरियों ने कुचले और सताए हुए आदिवासियों के प्रति अपनी आवाज उठायी। उन्होंने अपने ही व्यक्तियों को जमीन के नाप के लिए प्रशिक्षण दी तथा बचे हुए से अच्छे और नए ढंग से खेती करने का सलाह दिया। आदिवासियों की शिक्षा के लिए बहुत से स्कूलों को खोलने का अर्थ था उनके हाथ में शिक्षा रूपी ऐसा हथियार दिया गया जिसे वे अपने सताने वालों के विरुद्ध लड़ सकें।

लेकिन इस सब के होते हुए भी पूर्ण रूप से कस्र का निवारण नहीं होता है। कठिनाई पहले की तरह ही बनी रहती है।

Gossner Mission

अपने अधिकारों की मांग के लिए ई॰ सन् १८८५ से लेकर आदिवासियों के बीच बहुत से क्रांतिकारी दलों का संगठन हुआ। उनके नेता अपने को सरदार कहते हैं और उनमें बहुत से सरदारें ईसाई थे। किसानों से उनकी मांग थी कि वे जमींदारों का मालगुजारी देना बंद करें। फलतः जमींदार सब कचहरी में उनके विरुद्ध नालिश करने लगे। सरदारें रुपया-पैसा जमा करने लगे जिससे वे अपने ~~अधिकारों~~ अधिकारों की मांग न केवल सरकार के पास वरन् लंदन में भी पेश कर सकें। सन् १८८६ ई॰ में मिशनरियों की एक जेनेरल कांफ्रेंस

Gossner Mission

हुई। इस कंफ्रेंस में यह प्रस्ताव किया गया कि अब सरदारों की सभी मांगे मिशनरियों को अपने हाथ में लेना चाहिए। इनकी मांगे की जमीन-सम्बंधी पुराने मूल-अधिकारों को पुनः प्रस्थ करना, गैर आदिवासियों का निर्वासन तथा एक राजनैतिक आदिवासी प्रान्त की स्थापना, जिसकी प्राप्ति के लिए आवश्यकता पड़ने पर बल-प्रयोग करना भी उचित समझा गया। बहुत से ईसाईयों को काफी निराशा हुई जब मिशनरियों ने उनकी मांगों को अपने हाथों में लेने से अस्वीकार कर दिया। वे मंडली के जीवन से

Gossner Mission

दूर रहने लगे अथवा प्रभु की आराधना एक जगह इकट्ठा होकर स्वयं ही करते थे। मंडली के बहुत से पंच लोग सरदारों से मिल गए। सरकार ने जब सरदारों के आरोप पर विचार करने से अस्वीकार कर दिया तो कुछ दिनों तक देश में शांति छायी रही।

लेकिन चोट से खून का बहना जारी रहा। क्या यीशु मसीह गरीबों और अधिकार से वंचित लोगों का वकील नहीं? जो बल प्रयोग करते हैं क्या उनको आज उपदेश नहीं दिया जा सकता है?

"बल के विरुद्ध बल" सरदारों का यह जवाब

Gossner Mission

यीशु की आज्ञा में जंचता नहीं। पादरियों का यह कहना "प्रार्थना ही सहायता है" भी उसी तरह असंतोषजनक है। क्रांतिकारियों की ओर लोगों ने तब ध्यान दिया जब दाऊद बिरसा इनके नेता एवं पैगम्बर बने। १८९५ ई० में उनको कैद किया गया लेकिन फिर से छोड़ दिया गया। सन् १८९७-९८ ई० के ज्याकाल और गुरुवारी के दिनों में वह ईश्वर के राज के आगमन के बारे प्रचार करने लगा। अपने समर्थकों को वह एक राजनैतिक-धर्म पढ़ाने लगा। यह धर्म एक उद्धार का समाचार

था जो ईसाई धर्म और मूर्तीपूजा के विचारों पर आधारित था। सन् १८९९ ई० के जन्म-पर्व के अवसर में एक विद्रोह हुआ जिसका खास लक्ष्य बहुत से पुलिस-स्टेशनों और चर्चों को खतम करना या कब्जे में लेने का था। सैनिकों ने चढ़ाई कर दिया। फलतः बहुत से व्यक्ति मारे गए या घायल हुए। टकरगा के नजदीक बिरसा को पकड़ा गया। सन् १९०० ई. में कलकत्ते के जेल में उसकी मृत्यु हो गयी। छोटानागपुर के गांवों में सैनिकों ने पड़ाव डाल दिया। दुख-तकलीफ, गरीबी

Gossner Mission

और अन्याय पहले से भी अधिक बढ़ गया। सामाजिक-क्रांति का अंत हो गया एवं आंतरिक-व्यवस्था फिर से आ गयी। लेकिन आदिवासियों की लालसाएं अपूर्ण रह गयीं।

५ मंडलियों की वृद्धि

जर्मन के मामले में जेसुइटों (Jesuit) का कथोलिक मिशन कम सावधान नहीं था। सन् १८६६ ई. से लेकर यहां-वहां मिशन-स्टेशन खोली गयी लेकिन उन्हें बहुत कम सफलता मिली। इस परिस्थिति में परिवर्तन आने में देर न लगी जब सन् १८८६ ई. में जेसुईट पाटर लीवन्स (Jesuit pater Lievens)

Gossner Mission

का आगमन हुआ। उनके विचार में मिशन-
कार्य में कोई भी सामान बुरा नहीं था।
अब वह सरदारों की तरह प्रचार करने
लगा तथा लोगों को प्रतिज्ञाएं भी किया
कि उनकी सभी प्रकार की मांगे पूरी की
जाएगी। लोगों को अपनी ओर खींचने
के लिए उसने रुपया-पैसा खूब खर्च
किया, नौकर-चाकरों को लगाया और
सभी प्रकार के हथियारों को जखीरा में
लाने से उसे ~~कभी~~ जरा भी हिचकिचाहट
नहीं हुई। कुछ ही सप्ताह के भीतर
हजारों लोगों को बपतिस्मा दिया गया,
बहुत से लुपोरान ~~क्रिस्तान~~ ख्रिस्तान

Gossner Mission

कथोलिक बन गए। यहाँ तक की प्रचारकों को रुपया का लालच देकर खरीद लिया गया।

लेकिन लीवेन्स की प्रतिज्ञाएं अधूरी रह गयी। चार वर्षों के बाद ही उन्हें देश छोड़ना पड़ा। तदुपरान्त कथोलिक-मिशन आदिवासियों की सामाजिक-स्थिति में सुधार लाने के निमित्त स्कूल और शिक्षात्मक कामों विशेष ध्यान देने लगा। इस क्षेत्र में जेसुईटों ने बहुत ही प्रशंसनीय काम किया। अधिकतर कथोलिक मिशन-स्टेशन पश्चिमी छोटानागपुर

Gossner Mission

के उरांव लोगों के यहां खोले गए।

सन् १८९० ई० में जब सरदारी क्रान्ति और पाटेर लीवेन्स के सपनों में पानी फिर गया, तो एक लम्बी अवधि के बाद लुथेरान-मिशन ने बहुत से नये मिशन-स्टेशनों को खोला, जैसे चैनपुर (१८९२), चक्रधरपुर (१८९३), ~~[illegible]~~ खूंटीटोली एवं गुमला (१८९५), किंकेल (१८९८), करीमती और कुरसुगदा (१९००), तलाड़ (आगलेश्वा) और कोरोंजो (१९०३)।

सन् १९०५ ई० में जयपुर-स्टेट के बहुत से व्यक्तियों ने ~~[illegible]~~ बपतिस्मा लिया। इसके होते हुए भी वहां मिशन-स्टेशन

Gossner Mission

खोला नहीं जा सका क्योंकि वहां के राजा इसमें रोक लगा दी। किंकेला और खूंटीटोली में बहुत लोगों ने ~~बप~~ बपतिस्मा लेने की इच्छा प्रकट किया।

इन मिशन-स्टेशनों की नींव मिशनरियों के द्वारा डाली गयी थी, लेकिन वास्तव में मंडली की बढ़ती भारतीय पादरियों, प्रचारकों और बुजुर्गों के कार्य का फल था। दुःख की बात है कि मंडली सरपंच के पद की महत्ता घटती ही गयी क्योंकि प्रचारकगण गांवों में गिर्जा करना, बैबल पाठ और आत्मिक-सेवा का भार अपने कंधों पर लेने लगे।

सन् १८७० ई० से ही यह एक मिशन

तय गया कि प्रचारकगण सप्ताह में चार दिन ईसाई भाईयों के बीच में और एक दिन अख्रिस्तानों के यहाँ काम करें, बाकी दो दिन विश्रामवार के उपदेश की तैयारी के लिए निश्चित थे। उन्हें प्रति चौदह दिनों में अपना कार्य-विवरण लिखना तथा तीन महीनों में एक बार रांची में निरन्तर-प्रशिक्षण-कोर्स में उपस्थित होना बहुत आवश्यक था।

सन् १८६६ ई० में पोलुस नेमो को कुरलिया-चर्च में पादरी पद का अभिषेक मिला। वह डूलो-जर्गो (Dulo-Jargo) का रहने वाला एक हिन्दू भाई था। वह पहला भारतीय पादरी था। लेकिन

Gossner Mission

कुछ ही दिनों के पश्चात् वे अपनी मंडली को छोड़कर एंगलिकन-चर्च की सेवा में चले गए। यह भी एक कारण है कि एक दूसरा नाम प्रधान पादरी के हैसियत से लिया जाता है। इस व्यक्ति का नाम था नथानिएल कुजुर। उनका पदाभिषेक २१ जुलाई १८७० ई० को चाईबासा में हुआ। बहुत वर्षों तक वे सिंहभूम के पिरिंग में बहुत ही अद्भुत ढंग और उत्साह से लोगों को ईश्वर का वचन सुनाए। उसे भी अधिक मशहूर एक उराँव पादरी हुए जिसका पदाभिषेक सन् १८७५ ई० में हुआ। वृद्धावस्था में सन् १९१९ ई०

Gossner Mission

को वे ओटोनामी चर्च के प्रेसीडेंट चुने गए।
उनका नाम था पादरी एच० डी० लकड़ा।

सन् १८७३ ई० को रांची में
थेयोलोजिकल सेमीनार की नींव डाली गयी।
उसी समय से यहां उन व्यक्तियों को प्रशिक्षण
दिया जाता है जो मंडली की वृद्धि और
देख-भाल का भारी उत्तरदायित्व अपने कंधों
पर लेते हैं।

गरीबी बहुत हद की और इस कारण
यह एक बड़ी कठिन बात कि किस प्रकार
मंडलियों को आर्थिक मामलों में आत्म-
निर्भर बनाया जाए। सन् १८७५ ई०
से प्रत्येक मंडली रुपया-पैसा का

Gossner Mission

हिसाब-किताब रखने लगी और सन् १९१३ ई० में तकरीबन से यह एक बहुत संदेश मिला कि चंदा और महसूल से आज इतनी आमदनी हो गयी है कि उसे सभी प्रकार का खर्च संभाला जा सकता है।

बहुत से स्कूलों के खोले जाने के फलस्वरूप खर्च ब अत्यधिक बढ़ गया। इन गाँवों के स्कूलों का देख-भाल करना बहुत ही आवश्यक था तथा शिक्षकों को आधा वेतन देने का भार मंडली के कंधों पर ही था। मां-बाप तो अनपढ़ ही थे, बच्चों का नियमित ढंग से स्कूल जाना भी असंभव था, क्योंकि

Gossner Mission

उनको भी माँ-बाप के साथ मैदान और खेतों में काम करना पड़ता था। लेकिन उन स्थानों में जहां छात्रावास भी थे उनकी स्थिति काफी ठीक थी। राँची के स्कूल को उदाहरण के लिए लिया जा सकता है जहां शिक्षकों, प्रचारकों और पादरियों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण भी दिया जाता था। स्कूलों को अब सरकारी-सहायता भी मिलने लगी। ईसाई-स्कूलों के दो प्रकार के विशेष कर्तव्य थे: प्रथम, उन्हें बच्चों को कसौटी-धर्म की शिक्षा देनी पड़ती थी और द्वितीय, उन्हें इस प्रकार की शिक्षा देनी पड़ती थी जिससे भविष्य में उनको अच्छी नौकरियाँ भी मिल सकें।

Gossner Mission

केवल कुछ ही मामलों में इन स्कूलों का प्रभाव मिशनरियों की तरह हुआ, क्योंकि अख्रिस्तान बच्चे ख्रिस्तान बच्चों की तुलना में बहुत कम संख्या में स्कूल जाते थे।

बच्चों और बयस्कों को बसीदी ढंग से समझाने बुझाने के लिए बेबल और कहेकिस्म को स्वदेशी भाषा में अनुवाद करना जरूरी था। आरम्भिक काल में आए हुए मिशनरी सार्वजनिक हिन्दी भाषा को ख्रिस्तान आदिवासियों के लिए उचित समझते थे। मिशनरी सब सन् १८७० ई० से सुसमाचार प्रचार के प्रश्न लिए

Gossner Mission

आदिवासियों की भाषा ही को अधिक-से अधिक प्रयोग में लाने लगे। मिशनरी नीतरोत (Nommensen) नये-नियम के सुसमाचार को सन् १८७५ - १८९५ ई० के भीतर बुंडारी भाषा में अनुवाद किया और उसी समय से यह एक साहित्यिक-भाषा बन जाती है। कुछ ही दिनों के पश्चात् मिशनरी हान (Hahn) ने नये-नियम के सुसमाचार का अनुवाद उराँव भाषा में किया। तदुपरान्त लूथर के कटेकिस्म का अनुवाद विभिन्न आदिवासी-भाषाओं में होने में देर नहीं लगी। ईश्वरीय-वचन के प्रचार के कार्य में मसीही-संगीत और भजन केवल एवं

Gossner Mission

कटेकिस्म से अधिक प्रभावशाली प्रमाणित हुए। सर्वप्रथम जर्मन-गीतों को अनुवाद किया गया और सन् १८७० ई. में पहले-पहल "साक्षी वाणी" के रूप में छापा गया। उसी वक्त अनगणित मसीही-भजन लिखे और छापे भी गए। इस प्रकार के कुंडारी भजनों का कवितीकरण सर्वप्रथम पादरी नथानियल द्वारा सम्पन्न हुआ तथा सन् १८७२ ई. में उनका प्रकाशन भी हुआ। उरांव भी इस विषय में पीछे न रहे। कुरुलिया के बंगाली क्रिस्तानों ने भी मसीही भजन पुस्तक निकाला।

सन् १८७२ ई. को रांची में चर्च द्वारा

Gossner Mission

एक छापाखाना की नींव डाली गयी। अब, स्कूल के लड़कों के लिए और धार्मिक-विषयों से सम्बंधित पुस्तकों को छापना भी आसान हो गया। थियोलोजी के विद्यार्थियों के लिए यह बहुत ही लाभदायक था। १ दिसम्बर १८७२ ई० से अर्धमासिक-पत्रिका धर्मबन्धु का प्रकाशन होना आरम्भ हुआ। इस पत्रिका की संख्या सन् १९१० ई० में एक हजार से भी अधिक बढ़ गयी।

तत्कालिन वर्षों में जब मंडली की वृद्धि के बारे जब हम बातें करते हैं तो हमें आसाम में सुसमाचार प्रचार के काम को कदापि नहीं भूलना चाहिए। सन् १८९२ ई० में

Gossner Mission

दो प्रचारकों को एक विशेष भार देकर आसाम भेजा गया कि वे वहाँ के चाय-बागानों में काम करने वाले छोटानागपुर से गए आदिवासियों को ईश्वर का वचन सुनावें। वहां पहुंच कर उन्होंने बड़े उत्साह से मिशन-कार्य शुरू किया। सन् १९०० ई० से मिशनरियों, पादरियों और प्रचारकों ने वहां नियमित रूप से काम आरम्भ किया। बैथमंगा, ओरहत और तिनसुकिया में गरीही-मंडलियां बनने लगीं। सच्ची बात है कि वहां इन ईसाईयों की संख्या सन् १९१४ ई० तक करीब तीन हजार ही थी।

इसके विपरीत इस वर्ष के

Gossner Mission

सभी लुथेरान ईसाईयों के गणनानुसार एक लाख व्यक्तियों को बपतिस्मा दिया जा चुका था।

दूसरा अध्याय

गोसनर चर्च को आत्मनिर्भरता की प्राप्ति

१९१९

१. मिशनरियों का देश छोड़ कर जाना

ई. सन् १९१४ के अगस्त महीने में विश्व-युद्ध छिड़ गया। इस भयंकर युद्ध में युरोप के देश भयानक रूप से लड़ पड़े। इसका असर छोटानागपुर के लुथेरान आदिवासियों पर पड़े बिना न रहा।

Gossner Mission

गोरानार चर्च के इतिहास में एक अध्याय का अंत हो जाता है जब सन् १९१२-१३ ई० में मिशनरी हान की मृत्यु हो जाती है और डा० नोतरोत जर्मनी वापस लौट जाते हैं। इन्होंने चालीस वर्षों से भी अधिक छोटानागपुर की मंडलियों की सेवा की। नए प्रेज़ेस (Präses) जे० स्तोस (J. Stosch) हो जाते हैं। उसकी अगुवाई में मार्च १९१४ ई० को जर्मन-मिशनरियों के बीच पहला जेनेरल ~~कंफ्रेंस~~ कंफ्रेंस हुआ। इस कंफ्रेंस में एक नए विषय पर काफी बहस हुई, जिसके अनुसार बाल्टिक में क्यूरोलोरियन ने यह निश्चय किया कि चर्च आत्म-निर्भर हो एवं

Gossner Mission

धीरे-धीरे आदिवासियों के हाथों में सारा उत्तरदायित्व सुपुर्द कर दिया जाए।

विश्व-युद्ध के कारण क्युरोहोरियम के विचारों को कार्यान्वित नहीं किया जा सका। सन् १९१५ ई० के जून और जुलाई महीनों में जर्मन-मिशनरियों को सपरिवार अंग्रेजों ने कैद कर लिया और इस प्रकार उनको छोटानागपुर छोड़ना ही पड़ा। यहां तक की लोगों से विदाई लेने का अवसर तक उन्हें नहीं मिला। बहुतों ने मन-ही-मन में सवाल किया होगा: "क्या अब सब चीजों का अंत हो गया?" कुल मिलाकर छत्तीस मिशनरियों और पांच सिस्टरों को अचानक अपना

Gossner Mission

काम छोड़ना पड़ा, फलतः मंडलियों और मिशन-स्टेशनों में उनकी सेवा का अभाव बहुत महसूस होने लगा। सन् १९१४ ई. से जर्मनी से किसी प्रकार की सहायता नहीं पहुँचने लगी। मकानों और स्कूलों का देख-भाल करना आवश्यक था। पादरियों, प्रचारकों एवं शिक्षकों का जीवन बहुत ही खतरे में पड़ गया। लेकिन मसीहियों का उत्साह बना रहा। वे हताश नहीं हुए। इस दुर्वस्था में पादरियों ने मिशनरियों का कार्य का भार अपने सिरों में लेने का प्रयत्न किया। लेकिन थेयोलोजिकल-सेमीनार को शिक्षकों की त्रुटि के कारण बंद करना ही पड़ा।

Gossner Mission

अतः मंडलियों ने अधिक-से-अधिक दान देने लगे। गोसपल-चर्च का लोक काफी इच्छा हुआ जब सरकार ने यह निश्चय किया कि (एंगलिकन चर्च के बिशप वेस्टकोट (Westcott) लगभग तीन सौ गोसपल मिशन स्कूलों का देखभाल का भार अपने कंधों पर ले। काफी सरकारी सहायता भी मिलने लगी, परंतु प्रायः सभी मकानों और चर्च के जायदाद को सरकार ने जब्त कर लिया। बिशप वेस्टकोट मिशनरियों की इच्छा के अनुसार गोसपल चर्च के पादरियों की सहायता के लिए तैयार थे। अतः निश्चय हुआ कि भारतीय पादरी ही मंडलियों के काम का उत्तरदायी संभाले,

Gossner Mission

कि सक्रामेंत और दृढ़िकरण भारतीय पादरी ही देवें और गिर्जों में लुथेरान - आराधना ही अख्तार में लाया जाए। बिशप वेस्टकोट ने इस निश्चय के विरुद्ध कभी ध्यान नहीं किया। वे एक सच्चे मित्र की तरह अमरीकी और भारतीय मित्रों से रुपया - पैसा लेकर गोसनर चर्च की सहायता बहुत ही सफलतापूर्वक किए।

सन् १९१६ के २०-२१ मार्च को रांची में मंडली-सिनोद की तैयारी हुई जिसमें कुल चौवालिस पादरियों में अड़तीस पादरियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त बहुत से प्रचारकगण, शिक्षक और उत्तरदायी व्यक्ति भी वहां उपस्थित थे।

Gossner Mission

यहां काफी जोरों से यह विचार-विमर्श हुआ कि कैसे मसीही-मंडलियों की आमदनी बढ़ाई जाए। मंडली-सेवा तेरो विषय भी सभा के कार्य-सूची (Agenda) में थे। इस सभा का खास उद्देश्य था मिशन-क्षेत्रों को नए ढंग से संगठित करना। अब मिशन-क्षेत्रों को चार प्रमुख इलाकों में बाँट दिया गया। पादरी हनुक दंगो लकड़ा उस वक्त सेन्ट्रल कमिटी के चेयरमैन थे। उनके एक विवरण के अनुसार मंडलियों के निम्नलिखित तीन प्रमुख समस्याओं को सुलझाना बहुत ही आवश्यक था:-

प्रथम, मंडलियों का आत्मनिर्भर होना (Self-supporting)

Gossner Mission

द्वितीय, मंडलियों का आत्मशासन

(self-governing)

तृतीय, मंडलियों की आत्मवृद्धि

(self-evangelizing)

ये तीन बातें अवश्य ही बहुत संक्षिप्त हैं, लेकिन ये गोसनर चर्च के ऑटोनोमी होने की बहुत बड़ी लालसा को प्रकट करते हैं। इसी समय उत्तरी अमेरिका के लुथेरान सिनोद से छोटानागपुर के गोसनर चर्च की मंडलियों को निरीक्षण में लेने का प्रस्ताव डाला गया। लेकिन वर्लिन के ब्यूरोक्रेटरियम ने इस प्रस्ताव को सधन्यवाद अस्वीकार कर दिया तथा गोसनर चर्च के प्रभावशाली पादरियों को

Gossner Mission

अति आवश्यक मामलों में उचित एवं योग्य कंडिडेट मिलने पर पदाभिषेक देने का पूर्णाधिकार दिया गया। परन्तु यह अधिकार-पत्र गोसनर चर्च के पास पहुँच नहीं पाया।

डा० जॉन मोट (Dr. John Mott) द्वारा प्रवर्तित अमरीकी आर्थिक-सहायता गोसनर चर्च को मिलती ही जाती है। यह विचार कि जर्मन मिशनरी अब कभी भी वापस लौटकर नहीं आएंगे सन् १९१७ ई० से और पकड़ता गया। विशप वेस्टकोट भी कहने लगे कि अब वह दिन आ पहुँचा है कि किसी प्रकार का "सेटेलमेंट" हो जाए।

Gossner Mission

2. जाँच - पड़ताल

सन् १९१६ ई॰ को बिशप वेस्टकोट ने मेशानल मिशन कौंसिल को इस अनुमति के लिए निवेदन किया कि छोटानागपुर के लुथेरान गोसनर मंडलियों को एंग्लिकन चर्च से मिला दिया जाए। भारतीय एवं जर्मन लुथेरानों ने बिशप वेस्टकोट की इस चाल पर आपसी खूब आलोचना किया। दो वर्षों तक उसने अच्छे सलाहकार के रूप में बड़े परिश्रम और विश्वस्तता से लुथेरान मंडलियों की सहायता की। इस कठिनाई भरी स्थिति में वे मन-ही-मन वे एक उपाय की खोज में थे जिसे

एंग्लिकन चर्चों फिर से मिल जाएं।

ऐसा मालूम होता है कि वे अब कुछ ही

दिनों में मिल जाएंगे। एंग्लिकन

मिशनरी कैनोन कोसग्रेव (Canon Cosgrave)

ने अपने एक स्मृति पत्र (memoradum)

में निम्नलिखित प्रस्ताव सामने पेश किया कि

: दोनों चर्चों को मिलाकर एक ऐसा चर्च

बनाया जाए जिसमें लुथेरान और एंग्लिकन

चर्च की अपनी अलग-अलग विशेषताएं

बनी रहे। लुथेरान चर्च के सुधार-पर्व

को ग्रहण कर लिया जाए तथा जो भी

पदाभिषेक और दृढ़िकरण लुथेरानों के

बीच हो चुका हो उसे स्वीकार कर

लिया जाए। लेकिन भविष्य में

Gossner Mission

इस प्रकार का कार्याधिकार केवल

एंगलिकन बिशप के हाथ रहे।

लुथरानों ने एंगलिकन चर्च की

सहायता को सधन्यवाद स्वीकार किया।

लेकिन उन्हें जब उल्लिखित प्रस्ताव के बारे

में मालूम हुआ तो न केवल लुथरान पादरी बल्कि

जन-साधारण लोग भी आका डोरों से विरोध

करने लगे। इसी बीच रांची में एक

घटना हुई जिसके कारण जनसाधारण

विरोध और भी बढ़ गया। एंगलिकन

चर्च की यह इच्छा थी कि अन्धों के

स्कूल को और भी बढ़ाया जाए। इसके

लिए जमीन की जरूरत थी। अतः बिशप

यह प्रयत्न करने लगा कि सरकार

Gossner Mission

उन्हें लुथेरान कम्पाउंड के अंदर एक टुकड़ी प्रदान दे ताकि अनुयायों के लिए मकान बनाया जा सके। लुथेरानों ने सफलतापूर्वक सरकार के पास इसका कड़ा विरोध किया। इस मामले में पतरस कुशद — जो मंडली के एक सदस्य और सरकारी सेवक थे ने बहुत जोरों की आवाज उठायी। उसके कड़े प्रतिरोध तथा बहुत ही अच्छे शिक्षा के कारण एक जनसाधारण हस्ति होकर भी वे इन कठिनाई भरे वर्षों में गोसपल चर्च के नेता बने।

यह दुःख की बात है कि विरोध कुछ विशाल और हिम्मत नहीं हारने वाले लुथेरानों के बीच तनाव बढ़ता ही गया।

Gossner Mission

यह हाल देखकर नेशनल मिशनरी कौंसिल के एक्जीक्युटिव कमिटी ने १ली मार्च १९१९ ई० को छोटानागपुर में एक जाँच-कमिशन ~~[illegible]~~ बैठाने का फैसला किया, जिसका कर्तव्य था गोसनर-चर्च के अनुयायी ईसाईयों की इच्छा का जाँच-पड़ताल करना तथा यह पता लगाना कि वे मंडलियों के भविष्य के बारे क्या चाहते हैं। डा० दत्ता (CVJM Lahore) और प्रो० मुकर्जी (Serampore) जैसे भारतीय सदस्य तथा बियोंड मिशन इन बिहार (Beyond Mission in Bihar) के मिशनरी डा० फेल्ट (Felt) इस कमिशन के सदस्य थे।

Gossner Mission

बड़ी कठिनाई के साथ उन्होंने यह तय किया कि डा० दत्ता और डा० फील्ड रांची जिला के पश्चिमी एवं प्रो० मुकर्जी और मिस्टर होज (Hodge) पूर्वी भाग का निरीक्षण करेंगे। २० मई से लेकर १० जून तक उन्होंने विभिन्न मंडलियों का भ्रमण किया और बड़ी सतर्कता के साथ उन्होंने एक लिखित विवरण मंडलियों के सामने पेश किया। उन्होंने निम्नलिखित चार विभिन्न तरह उपाय मंडलियों के शासन के निमित्त प्रस्ताव किया :-

१) एकलिकन चर्च के साथ मिल जाने की संभावना,

२) दक्षिण-भारत के अमरीकी लुथरानों

Gossner Mission

द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत किया जाना,

3) नेशनल मिशन सोसाईटी के नुयंरान अंग द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत किया जाना, और

4) स्वतंत्रता की समस्या।

वाद-विवाद साधारणत: छः से सात घंटों तक होता है। उपस्थित होने वाले मंडलियों के सदस्यों की संख्या तीन सौ से एक हजार के बीच घटती बढ़ती है। आश्चर्य की बात है कि सभी मंडलियों में सर्व-सम्मति का परिणाम एक ही प्रकार का निकला। सभी जगह लोगों ने जाँच-कमिशन के इस प्रस्ताव को कि एंगलिकन चर्च के साथ मिल जाना चाहिए,

Gossner Mission

इन्कार कर दिया। क्योंकि विशप के अधिकार, एंगलिकनों के दृढ़िकरण के नियम एवं विश्वास का परिवर्तन लुथेरानों के लिए ग्रहणीय नहीं था। भारतीय नेशनल मिशन सोसाईटी के नियंत्रण में भी उन्हें आने की इच्छा नहीं थी, उसके विपरीत स्वतंत्रता की सामान्य-मांग लोगों के मन में बसी हुई थी। लेकिन उनका यह भी विचार नहीं था कि स्वतंत्र होने का अवसर अभी तक नहीं आया है। जमीन-जायदाद, रुपया-पैसा का देख भाल और शासन तथा नेताओं के प्रशिक्षण कार्यों के मामलों में वे विदेशी सहायता छोड़ना नहीं चाहते थे। पूर्वी देशों की

Gossner Mission

मंडलियों की अपेक्षा पश्चिमी क्षेत्र की मंडलियों में जहां उरांवों की संख्या अधिक थी लोगों में आत्म-शासन का विश्वास अधिक था। मंडलियों के दोनों वर्गों की अभिरुचि एवं गंभीरता से जांच-कमिशन प्रभावित हुए बिना नहीं रहा। "मन में विश्वास वसे विश्वास के प्रति लोगों की निष्कपट भक्ति जो देखने को मिलती है, हमारे लिए एक बड़े आनन्द की बात है।"

यदि जांच-कमिशन पड़ताल के उल्लिखित परिणामों पर कुछ समय के लिए कुछ भी ध्यान न दिया जाए तथापि लोगों को प्रश्न

Gossner Mission

पूर्वना वास्तव में गोसनर चर्च के लिए एक बड़ी घटना थी। अब तक जर्मन-मिशनरी मंडलियों में प्रतिनिधित्व किए और आवश्यकता पड़ने पर सलाह देकर मंडलियों की सेवा किए, लेकिन गोसनर-चर्च के ईसाईयों ने सन् १९१९ ई० में जिस दृढ़ता और एकता के साथ अपना उत्तरदायित्व पहचाना एक प्रशंसनीय बात है। एंगलिकनों का यह दोषारोपण कि पादरियों ने लोगों को कमिशन के आगे के पहले फुसलाया, निराधार है। विवरण से यह साफ पता चलता है कि किसी प्रकार का फैसला होने के पूर्व काफी ओरों से वाद-विवाद हुआ।

Gossner Mission

चर्चों को बनने में बहुत साथ दिया तथा रांची में इसने एक सभा भी बुलाया। इस कौंसिल के सदस्य विशेषतः विभिन्न मिशनों के प्रतिनिधि हुआ करते थे, लेकिन अब यह प्रस्ताव किया गया कि इसके प्रतिनिधि भारतीय चर्चों के व्यक्ति हों और कम-से-कम आधे सदस्य भारतीय हों और "नेशनल मिशन कौंसिल" को "नेशनल क्रिश्चियन कौंसिल" में बदल दिया गया। इसका कर्तव्य था विभिन्न चर्चों और मिशनों के आपसी ~~सम्बंधों~~ मतभेद को दूर करना, उनके आपसी सम्बंधों को मजबूत

Gossner Mission

को ३० जुलाई को रजिस्ट्री कर दिया गया।

इस बीच में भारत के और भी अन्य चर्चों से सम्बंध की स्थापना हुई। सबसे पहले दक्षिण-भारत के लुथेरानों से ~~दक्षिण~~ सम्बंध स्थापित किया जाता है। दक्षिण भारत के गुंटूर मिशन के अमरीकी लोगों की उपस्थिति तथा सेंट्रल आफ्रिका कौंसिल को सलाह और सहायता देना भी एक कारण था जिससे दोनों में घनिष्ठता का सम्बंध हो गया। इस सिलसिले में नेशनल मिशन कौंसिल का नाम स्मरणीय रहेगा; इसने गोसनर

Gossner Mission

प्रेसीडेंट का निर्वाचन होता है ; एक सेक्रेटरी और एक खजान्ची भी आफिस के काम के लिए चुने जाते हैं। इन तीन सदस्यों के अतिरिक्त चर्च कौंसिल के लिए छः पादरी और चार साधारण सदस्यों का चुनाव तीन वर्षों की अवधि के लिए होता है। प्रान्तकपानों और इलाकों से महासभा (सिनोड) में प्रतिनिधि भेजने का तथा चर्च के विशेष कार्यों के लिए जरूरत पड़ने पर समितियाँ (Standing Committees) बनाने का नियम बनाया गया। इस संविधान का "सोसाईटी रजिस्ट्रेशन एक्ट" द्वारा कचहरी में सन् १९३१ ई०

Gossner Mission

यहां यह विचार किया जाता है कि जर्मन और छोटानागपुर के लुथेरानों के बीच का सम्बंध बना रहेगा अथवा इसे फिर से कायम किया जाए।

सन् १९२० ई० के २३ नवंबर को गोसनर-चर्च के प्रतिनिधियों ने चर्च के संविधान को ग्रहण कर लिया। इस संविधान की रूप-रेखा पहले से ही पादरियों ने तैयार कर रखा था और मंडलियां इसके तौर जानती थीं इस संविधान में ईश्वर के वचन के प्रति निष्कपट विश्वास और सुधारात्मक शिक्षा की बातें मिलती हैं। पादरियों के बीच से एक

Gossner Mission

सन् १९२० ई० के २० और २१ की नवंबर को चर्च के "छोटानागपुर में लुथेरान मिशन का पचहत्तर वर्षीय जुबिली दिवस" मनाया जाता है। हजारों व्यक्तियों ने इसमें भाग लिया और अन्य बाहरी-मेहमानों (guests) पर चर्च के द्वारा जीवन का बहुत ही प्रभाव पड़ा। वर्तमान अतिथि इसमें भाग नहीं ले पाते हैं, क्योंकि उन्हें किसी प्रकार की सरकारी अनुमति नहीं मिलती है। लेकिन इसके बदले लोगों के द्वारा समूह के सामने क्युरोलोरियस का एक पत्र (Pastoral Letter) पढ़ा जाता है, और

Gossner Mission

सरल नहीं था।

आँतोनोनी गॉसनर चर्च को एक संगठन की जरूरत होती है। सन् १९२० ई. के मार्च महीना में मंडलियों की सभा होती है और इसके निर्णयानुसार "सेन्ट्रल कमिटी" को "चर्च-कौंसिल" में बदल दिया गया। उत्तरदायी रखने वाले लोग अपने ऑफिस में रह जाते हैं। एक समिति चर्च के लिए एक संविधान बनाने के कार्य में लग जाती है और इस काम में अमरीकी मिशनरी रेव. हूपले बहुत मदद देते हैं। आँतोनोनी चर्च में हालसे पहली बार दो कंडिदातों को पादरी-पद का अभिषेक दिया जाता है।

Gossner Mission

बहुत से मंडली के सदस्य अब भी शंकित थे, और बीते दिनों का स्मरण करते थे। वे यह चाहते थे कि पुराने मिशनरी वापस आ जाएँ, अथवा उनकी यह भी आशा थी कि नयी अमरीकी सहायता फिर मिलेगी। यहां हमें एक विशेष बात देखने को मिलती है, भारतीय अगुवाई में मंडली-कार्य और आदिवासियों के मध्य मिशन का काम और खासकर जयपुर में काफी सुंदर ढंग से चलता है, लेकिन संगठन, स्कूल एवं धर्मशास्त्री के प्रशिक्षण के क्षेत्रों में आत्मशासन (autonomy) को सर्वत्र ले जाना

Gossner Mission

तीसरा अध्याय

गोसनरचर्च पुराने भारत में
(१९२० - १९५६ ई)

१. पहली चर्च कौंसिल के नेतृत्व में (१९२०-१९२४)

सन् १९१९ ई० के हलचल भरे महीनों के बाद लोगों के पास न समय और न ही कोई कारण था कि वे प्राप्त किए ओटोनोमी के लिए घमंड करें। १० जुलाई १९१९ ई० को एक कठिन मार्ग का आरम्भ होता है। चुने हुए व्यक्तियों में विशेषकर सेक्रेटरी पतरस हुराद एक विशेष लक्ष्य लेकर इस रास्ते में चल पड़ते हैं।

Gossner Mission

(Central Committee) निम्नलिखित धन्यवाद-

पत्र निकालती है : छोटानागपुर और

आसाम के लुथेरान चर्च की सेन्ट्रल कमिटी

~~कमिटि~~ विशप वेस्टकोट को ~~[illegible]~~ उनकी

अच्छी सेवा, सलाह और सहायता के लिए,

जिसे लुथेरान मसीहियों ने बीते चार वर्षों

में लौकिक और अलौकिक विषयों में

उनके हाथों से पाया हृदय से धन्यवाद

देती है। " इन सब बातों के होते हुए

भी प्रोटेस्टेन्ट और लुथेरान लोग एक

दूसरे से दूर रह जाते हैं, लेकिन उनका

सम्बन्ध सरल नहीं रहता है। चर्च की

एकता के बारे आने वाले वर्षों में किसी

प्रकार का बात विचार नहीं होता है।

Gossner Mission

ट्रस्टी बोर्ड का काम था मिशन के जायदाद की देखभाल और उसका शासन करना। दो अंग्रेज सरकारी व्यक्ति भी इस बोर्ड के सदस्य थे। यह बोर्ड यह आशा देती है कि जायदाद को बिना किसी प्रकार का परिवर्तन लाए ही चर्च को दे दिया जाएगा। ९ मई १९४० ई० को एक सरकारी हुकुम के अनुसार अंत में चर्च को यह जायदाद सदा के लिए दे दिया गया।

इसके साथ ही एंग्लिकन-विशप के सेवा-कार्य का अंत हो जाता है। अंतिम घटनाओं के कारण दोनों चर्चों के बीच कुछ तनाव आ गया था, लेकिन १८ अगस्त को केन्द्रीय समिति

Gossner Mission

कोई सहायता की आशा करना व्यर्थ था।

लेकिन तत्कालिन समय के

प्रेज़ीडेंट नोतरोत ने अपनी हिन्दी में लिखे

धार्मिक-पुस्तिकाओं (Occasional emoluments)

के नमूने पादरियों के लिए भेजा।

इसी वक्त नेशनल मिशन कौंसिल

ने उल्लिखित बोर्ड को इस बात के लिए

अधिकृत किया कि वह चर्च के केन्द्रीय-

समिति को सलाह वगैरह दे। बुधेराम-

अमेरिकन रेव० जी० ए० रुपले (Rev. G.A. Rupley,

इसके सेक्रेटरी बनते हैं और अब वे

रांची ही में रहने लगते हैं। वे विशेषकर

शिक्षात्मक कार्यों पर अधिक ध्यान

देते हैं।

Gossner Mission

पर पतरस हुराद ने इन्हें गोसनर-मिशन की छत्रछाया में लाने का प्रयत्न किया लेकिन उसमें वे सफलीभूत नहीं न हो पाए।

लर्बिन के क्यूरोटोरियम सन् १९१९ ई. के इस महत्वपूर्ण निर्णयात्मक वर्ष में साथ दे नहीं सकी, लेकिन उसे जब यह समाचार मालूम हुई तो उसके आनन्द की सीमा न रही और नवविकसित चर्च को अपना आशिर्वाद और शुभकामनाएं इस प्रतिज्ञा के साथ भेजी कि वह नए चर्च को अपने कामों और विचारों से सहायता देगी (22 जनवरी १९20)। जर्मनी युद्ध में हार गया था, इस कारण वहां से किसी प्रकार की

Gossner Mission

भी देने की आशा दिलाया। साहस और बुद्धिमानी इस बात से भी दिखलाई पड़ती है कि आसाम की लुषेराम मंडलियाँ आरम्भ से ही स्वतंत्रता-घोषणा (Autonomy Declaration) से शामिल थी। और इस कारण इसका सम्बंध गोसनर-चर्च से विधिपूर्ण और गहरा होता गया। कुछ छोटी मंडलियों की नींव गंगा नदी के पार और मुजफ्फरपुर के इलाके में गोसनर मिशन द्वारा डाली गयी थी, लेकिन ये गोसनर मिशन के अधीन नहीं रह सके, क्योंकि ये मंडलियां इस बीच मेथोडिस्ट और प्रेसबिटेरियनों के कार्य-क्षेत्र में चले गए। ईश्वी सन् १९२० में

Gossner Mission

रुपया जमा करने का प्रयत्न करेगी।

यहीं एक स्वतंत्र (autonomous) एवं आत्मशासित गोसनर एवंजेलिकल लुथेरान चर्च का जन्म हुआ। मंडलियों में लोगों का लुथेरान विश्वास इतना दृढ़ था कि वे "युनियन-चर्च" के बाहरी और तौर से लाभदायक प्रस्ताव को भी अस्वीकार कर दिए। यह निर्णय तो सन् १९१२ ई. की मूरबगरी के बाद बुजुर्गों ने किया, ऐसा विचार किसी घमंड अथवा आत्म-रक्षा की प्राप्ति के लिए नहीं किया गया, परन्तु इस संकट की घड़ी ने बुद्धिमानी के साथ ऐसे मार्ग में जाने का उपाय दिखलाया और साथ में बाहरी सहायता

छोटानागपुर और आसाम के लुथेरानों के हित को सामने रख कर जमीन-जायदाद का देख-भाल करेगी,

ख) कि नेशनल मिशनरी कौंसिल एक छोटानागपुर लुथेरान एडुकेशनल एडवेंडारी बोर्ड कायम करेगी जो इन संस्थाओं के ~~प्रति~~ निमित सरकार के प्रति उत्तरदायी होगी

ग) कि सेन्ट्रल कमिटी की कार्यकारिणी सभा (Executive) शिक्षा देने वाली संस्थाओं का निरीक्षण उल्लिखित बोर्ड के विचार-विमर्श और अगुवाई में करे

घ) यह बोर्ड, यदि इन संस्थाओं को कभी आर्थिक सहायता की आवश्यकता पड़ जाए तो अपनी सारी योग्यता के साथ अधिक-से-अधिक

Gossner Mission

सबसे विषम समस्या को सुलझाने के लिए तैयार हैं और यह घोषित करते हैं कि हम इस चर्च के शासन कार्यों में

ओटोनोमी

का बहुत भारी उत्तरदायित्व अनुग्रहमयी सरकार के पिता तुल्य देखरेख में इस बड़े विश्वास और आशा से अपने हाथों में लेते हैं कि वह हमारी शिक्षात्मक-संस्थाओं को आर्थिक-सहायता उस समय तक देगी जब तक हमारी स्थिति इस भारी बोझ को अपने कंधों पर उठाने के योग्य न हो जाए, और हमारी ये शर्तें हैं :-

क) कि ट्रस्टी (Trustee), जिसकी नियुक्ति इसके बाद होगी सिर्फ

Gossner Mission

एवंजेलिकल लुथेरान मिशन के बिहार और उड़ीसा प्रांत में पड़े जमीनजायदाद एक ऐसे मिशन को मिले जिसमें औरों की संख्या अंग्रेजों से अधिक हो अथवा ऐसे कार्यक उसका संचालन करते हों जो अंग्रेज नहीं हैं। हमने अंग्रेजों के मध्य लुथेरान मिशन ढूंढ़ा और नहीं पाया, इसलिए हम सब सेन्ट्रल कमिटी के सदस्य तथा लुथेरान चर्च, छोटानागपुर और आसाम के सभी प्रतिनिधि मिलकर यह निवेदन करते हैं कि यह अमूल्य लुथेरान-विश्वास जो हमें अपने पूर्वजों से मिला है कि रक्षा तथा छोटानागपुर के लुथेरान चर्च मिशन के इतिहास में आप उसके भविष्य के

Gossner Mission

१० वीं जुलाई के दूसरे प्रहर को जाँच-कमिशन तीसरी बार सिनोद के साथ बैठी। वहाँ पतरस हुराद ने पचासी व्यक्तियों से हस्ताक्षर किया हुआ एक प्रमाणपत्र (document) पढ़ा। ~~[illegible]~~

यह पत्र "गोसनर चर्च, छोटानागपुर और आसाम के प्रतिनिधियों का निर्णय" से प्रसिद्ध हुआ। इसमें निम्नांकित बातें थी :-

ईश्वर के अनुग्रह से।

क्योंकि जाँच-कमिशन ने हमें यह सूचित किया है कि राजप्रतिनिधि (Governor-General in Council) किसी भी परिस्थिति में ऐसी अनुमति न देगी जिसे गोसनर

Gossner Mission

बना रहेगा, कोई भी बुद्धिमान मनुष्य के
मन में यह विचार नहीं आएगा जो हमें
इस बात के लिए आभार अथवा बल
प्रयोग करे कि हम अपने वार्ता-चर्च को,—
यदि वह जीवित रहेगा और हमारी सेवा
के लिए तैयार रहेगा, त्याग दें।"
यह प्रमाण-पत्र पादरी हनुक दत्तो एवं
पतरस हुसाद द्वारा हस्ताक्षर किया गया
था। कुछ ही समय के वाद-विवाद
के पश्चात् सभा का भंग कर दी
गयी और महासभा इस अवसर में
और भी परामर्श करना चाहती थी,
क्योंकि जांच कमिशन ने कुछ
नए प्रस्ताव पेश किया था।

Gossner Mission

लुथेरानों के विरुद्ध था।

परिस्थिति में परिवर्तन आ जाने के कारण महासभा को फिर से विचार करना पड़ा। ६ जुलाई को महासभा ने एक नया प्रस्ताव सन्मुख रखा। तदनुसार चर्च का कार्य नेशनल क्रिश्चियन कौंसिल के हाथ छोड़ दिया गया। लेकिन उसमें एक विशेष पाबन्दी रखी गयी कि चाहे किसी प्रकार का भी निर्णय हो मिशन-कार्य करने का लुथेरानी-ढंग सदैव बना रहे।[66] ये हमारा बाता-चर्च है। जब तक यह भारत और इस संसार में बना रहेगा — और यह हमारा दृढ़ विश्वास है कि यह दुनियां के अंत लोग

इसी बीच जाँच कमिशन ने एक पत्र निकाला। भारत-सरकार ने यह पत्र बिहार और उड़ीसा-सरकार को लिखा था, इस पत्र को वहां से ४ जुलाई को आगे बढ़ाया गया। इसमें कहा गया, गोसनर मिशन का जमीन-जायदाद संभवतः एक ऐसे मिशन को सुपुर्द किया जाए जो छोटानागपुर में पहले से ही काम करता आया हो। सरकार ऐसी अनुमति देने के लिए कभी तैयार नहीं होगी जिसे जमीन-जायदाद एक ऐसी मिशन सोसाईटी को मिले जिसमें औरों की संख्या अंग्रेजों से अधिक हो। इस नियम का प्रस्ताव रांची में सरकारी अफसरों ने किया था और यह अमेरिका

Gossner Mission

इस स्मरण-पत्र में नेशनल क्रिश्चियन कौंसिल के सामने निम्नांकित तीन बातें रखी जाती हैं:-

क) मंडलियों की आत्मनिर्भरता अभी तक संभव नहीं

ख) चर्चों का भविष्य जब तक ठीक न हो तब तक एंग्लिकन चर्च के साथ मिल जाने के प्रश्न पर वाद-विवाद न हो। यह सब काम भविष्य के हाथों में छोड़ दिया जाए।

ग) अमरीकी लुथरनों को यह अनुमति दी जाए कि वे आगे भी आदमी और आर्थिक सहायता देकर उनके मध्य मिशन का काम करें।

Gossner Mission

गोसनर चर्च की पहली महासभा कहा जा सकता है। बाद में विरोधियों का यह सोचना कि पादरियों ने मंडलियों से केवल उन बातों को सभा में लाया जिनका आचार-विचार उनसे मिलता-जुलता था निराधार है। वास्तविकता कुछ और ही है। सन् १९१९ ई. के २, ३ और १० वीं जुलाई को जो प्रस्ताव पास किया गया वह ठीक उन परिणामों के समतुल्य है जिसे जाँच-कमिशन मंडलियों की इच्छा कहती है। २ जुलाई को जाँच-कमिशन को एक स्मृति-पत्र (Memorandum) मिलता है, जिसमें सेन्ट्रल कमिटी के सदस्यों तथा सत्तासी प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किया था।

Gossner Mission

"हमारे सामने चतुरता बुद्धिमानी के साथ कुछ तीक्ष्ण सवाल रखे गए और पूछने वाले मंडली के बहुत ही साधारण सदस्य थे," ऐसी बातें विवरण में हम देख सकते हैं।

जुलाई महीना के आरम्भ में जाँच-कमिशन सभी मंडलियों के प्रतिनिधियों - पादरियों और सदस्यों को एक सभा के लिए निमंत्रित करती है।

3 स्वतंत्रता (autonomy) की घोषणा

इस सभा में छह मंडलियों के सभी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। तथापि इन प्रतिनिधियों का चुनाव नियमानुसार नहीं हुआ था तथापि इस सभा को

Gossner Mission

करना तथा बहुत से क्षेत्रों में ~~सहयोग~~ मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहन देना।

इस बीच आयरीकी लुथेरानों ने गोसनर-चर्च को बहुत ही सहायता दिया, और यह खुशी की बात है कि अब इसका फल प्रकट होने लगा। बोर्ड के सेक्रेटरी रेव० स्पले के प्रयत्नों के फलस्वरूप मकानों के देखभाल और मरम्मति के लिए बहुत रुपया मिला और खर्च किया गया। स्कूल के कामों के विषय में भी वे शीघ्र ही सरकारी पदाधिकारियों ~~का~~ के विश्वासपात्र बन जाते हैं, फलतः सरकारी सहायता

Gossner Mission

भविष्य में भी मिलती है। डॉ० रेव० स्पाले की जगह रेव० कन्नाडे (Rev. Cannaday) आते हैं तो 222 स्कूलों की दशा अच्छी थी। उनकी संख्या में इसलिए कमी आ गयी थी, क्योंकि तीन वर्षों में कुछ ग्रामीण-स्कूलों को बन्द कर दिया गया था। एक दूसरे अमरीकी मिशनरी श्री स्पेंगलर (Mr. Spangler) सफलतापूर्वक स्कूलों के स्तर को ऊँचा उठाने का प्रयत्न किया। गोसनर-चर्च के पद्रह नवयुवक मसीहियों को ऊँची शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्ति मिलती है, उनमें चार छात्रों को अमेरिका जाना पड़ता है। सबसे पहले छात्रवृत्ति पाने वाले

Gossner Mission

विद्यार्थियों में श्री जुस्त लकड़ा, जो उस समय गोसनर हाई स्कूल में अध्यापक थे, सन् १९२३ई. को मेफुड (Maywood/Illinois) के नुथेरान सेमिनारी में चले जाते हैं। तदुपरान्त उसके पीछे जाने वालों में जे. जे. पी. तिग्गा, जे. बरला और सुश्री सोके थे। रांची बोटोलोजिकल सेमिनारी का सन् १९२०ई. में फिर से खोला जाना एक आनन्द की बात है।

इन वर्षों में छोटानागपुर में मंहगी की छाया फैली रहती है। खेतों की उपज भी खास अच्छी नहीं थी। इन कारणों के कारण बहुत प्रयास करने और अधिक चंदा देने के बावजूद भी गोसनर चर्च को आर्थिक - कि आत्मनिर्भरता

(financial autonomy) भी मिल पाती है।

सन् १९२१ ई. में कुल खर्च १२५,०००) रु. था उसमें ७३,०००) रु सिर्फ स्कूल के कामों में खर्च हुआ। इनकी ~~आमदनी~~ अपनी कुल आमदनी ३०,०००) रु थी, और यह एक विशेष बात है, क्योंकि सन् १९१४ ई. की आमदनी से यह दस प्रतिशत अधिक थी। अमरीकी लुथरानों की सद्भावना और सहायता से बड़ी-बड़ी कठिनाईयों का सामना करना आसान हो जाता है। दुख की बात है कि यह नियम कि मंडलियों की आमदनी का पाँच प्रतिशत समूचे चर्च के कार्य के लिए दिया जाए व्यवहार में नहीं लाया जा सका।

Gossner Mission

देहात की मंडलियां अभी तक अपना अस्तित्व कि उन्हें गांव के बाहर भी काम करना है, ठीक से पहचान नहीं पाते हैं। इन उल्लिखित कारणों से घरबन्धु का प्रकाशन भी कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया।

सन् १९२४ ई० के अप्रेल महीना में महासभा द्वारा एक नए चर्च कौंसिल का निर्वाचन हुआ। फलस्वरूप रेव० मोहन तोपनो नए प्रेसीडेंट, श्री हेन्ड्रामिन सिंह नए सेक्रेटरी तथा श्री निर्मल सोय खजांची हो जाते हैं। लेकिन कुछ ही समय के बाद श्री पतरस कुजूर सेक्रेटरी का पद अपने हाथों में ले लेते हैं।

Gossner Mission

2. मिशनरियों का वापस लौटना (१९२५)

गोसनर चर्च का संगठन पहले जैसा ही असंतोषजनक था। चर्च कौंसिल का अधिकार कुछ जगहों में ग्रहण नहीं किया जाता है और लड़ाई-झगड़े वैसे ही रह जाते हैं। इस असंतोषजनक स्थिति का प्रमाण ईश्वरी सन् १९२४ की महासभा के मूल-पत्र (Protocol) से मिलता है। प्रेसीडेंट मंडलियों में चर्च के नियमों (church discipline) को पूर्ण रूप से पालन नहीं किए जाने के विरुद्ध शिकायत करते हैं, खजांची के हिसाब-किताब में गलतियाँ

Gossner Mission

पायी जाती हैं। चौदह कार्य समितियों में (Standing Committees) से कोई भी समिति महासभा के सामने अपना कार्य-विवरण पेश नहीं करती है।

चर्च के अगुवों का कर्तव्य और उत्तरदायित्व मंडली में बढ़ते हुए असंतोष के कारण और भी भारी होने लगा। लोग रह रह कर यही इच्छा प्रकट करते हैं कि जर्मन मिशनरी वापस ~~आ~~ आना चाहते हैं। गोसनर चर्च के सामने बर्लिन-कन्सिस्टोरियम का एक विनयपत्र बहुत दिनों से पड़ा हुआ था। जिसमें कन्सिस्टोरियम यह निवेदन करती है कि गोसनर चर्च ऐसा कदम उठाए जिससे

Gossner Mission

जर्मन- मिशनरियों को वापस लौटने की अनुमति मिले। कुछ सदस्यों को छोड़कर चर्च के अगुवे इस निवेदन को अस्वीकार करने के पक्ष में नहीं थे। लेकिन जब क्लुरोटोरियम आत्मशासन (autonomy) को स्पष्ट रूप से मान लेती है और जर्मन मिशनरियों को भारतीय चर्च कौंसिल के अधीन काम करवाने की इच्छा भी प्रकट करती है तो उनको वापस नहीं बुलाने की भावना मिट जाती है। सन् १९२२ ई. को महासभा के प्रस्ताव के अनुसार गोसनर चर्च सात विशेष मिशनरियों और तीन सिस्टरों को वापस आने की अनुमति के लिए सरकार से

Gossner Mission

बातचीत करने के लिए तैयार होती है।
लेकिन अनुमति मिलने में काफी विलम्ब
होता है। अंततः सन् १९२५ ई. के अक्टोबर
अक्टोबर महीने में प्रेइस स्तोश
(Präses Stosch) और मिशनरी जोन
(John) रांची पहुंचते हैं। वे वहां इस
बात का जांच-पड़ताल करते हैं कि
किस प्रकार इस बदले हुए परिस्थिति
में जर्मन-मिशनरियों से काम लिया जाए।
मंडलियों में आनन्द की सीमा न रही।
सरकार के प्रति लोगों के मन में जो
आशंका की निरर्थक निकली।
महासभा की मंजूरी से चर्च और
क्युरोटोरियम के बीच दिसम्बर

Gossner Mission

महीना में एक समझौता (Agreement) हुआ। मिशनरियों और ओटोनोमी चर्च का सम्बंध इस प्रकार बनाया गया कि चर्च के निमंत्रण पर ही मिशनरी भेजे जा सकते हैं। मिशनरी सब इस नियम को एक कर्तव्य की तरह मान लेते हैं एवं चर्च के और आदरणीय अंग बन जाते हैं। चर्च कौंसिल के सदस्य के तौर पर अधिक-से-अधिक चार मिशनरी एवं चर्च कौंसिल के कार्यकारिणी समिति (Executive) में सिर्फ दो मिशनरी चुने जा सकते थे। इस नियम का स्वागत बोर्ड के सदस्यों और अमरीकी मित्रों ने

Gossner Mission

रखुबे मन से किया। लेकिन कुछ ही वर्षों के बाद यह नियम मतभेद और आशंका का कारण बन गया जाता है। तथा शीघ्र ही ये मिशनरी चर्च कौंसिल में काम करने लगे क्योंकि वे आदरणीय और परिश्रमी थे। निर्वाचित सदस्य होने के कारण वे उत्तरदायित्व का बोझ अपने कंधों पर उठा लेते हैं एवं चर्च की बाहरी और भीतरी स्थिति में सुधार लाने के लिए अपना कर्तव्य का पालन अच्छी प्रकार करते हैं जैसा कि उनसे आशा की जाती है। जहां आवश्यकता पड़ती थी वहां वे समालोचना भी किया करते थे।

Gossner Mission

ये मिशनरी ओटोनोमी को मान लेते हैं, लेकिन उनकी दृष्टि में ओटोनोमी एक अपूर्ण वस्तु थी, इसलिए लोगों को ओटोनोमी के बारे बात-चीत करने के बदले चाहिए कि वे प्रतिदिन नयी-नयी समस्याओं का सामना करें और उसमें सुधार लावें।

सभी जगहों में काम बहुत आदि करना था अतएव मिशनरियों की सहायता ग्रहण करने में लोगों को किसी प्रकार की हिचकिचाहट नहीं होती है। ~~किंकि~~ किंकेल, रांची, राजगंगपुर और तदुपरान्त चांदपुर, बंबा गंगा, गुमला, घुरतिया और तकारमा में मिशनरी आ पहुंचे। आरम्भ में जितने मिशनरियों की

की जरूरत थी अंततः उनकी संख्या सन् १९३१ ई. में पूर्ण हो जाती है।

अमरीकी मिशनरी रेव. कन्नोड सन् १९२२ ई. में रांची छोड़कर चले जाते हैं। जब तक वे थे अमरीकी मित्रों की सहायता गोसनर-चर्च ने बड़े धन्यवाद के साथ ग्रहण किया, अब जब वे चले गए तो जर्मन मित्रों के कंधों पर आर्थिक-सहायता देने का भार फिर से आ पड़ा। गोसनर-चर्च अब तक इस स्थिति में नहीं थी कि वह कुल खर्च का दो तिहाई भाग स्वयं जमा कर सके। सरकारी

Gossner Mission

सहायता भविष्य में भी मिलती रहे, इसके लिए स्कूलों की दशा चर्च को ठीक से रखनी पड़ती थी और इसमें काफी खर्च करना पड़ता था। इसके अतिरिक्त और भी बहुत से विशेष काम थे लेकिन रुपये की कमी के कारण ये काम अधूरे पड़े हुए थे। केवल कुछ ही समय के लिए थेयोलोजिकल - सेमीनार के पढ़ाई-लिखाई का कार्य ठीक से चलाया जा सका। पादरियों और प्रचारकों की हालत बहुत बुरी थी क्योंकि उन्हें वर्षों से उनके वेतन का आधा या एक चौथाई अंश मिल सका था, कुछ महीनों से

Gossner Mission

उन्हें वेतन मिलना एकदम बंद हो गया था। परिस्थिति और भी बुरी हो गयी जब सन् १९३२ ई. से भीषण आर्थिक-संकट देश-देशान्तर में फैल गया। जर्मनी से भी आर्थिक सहायता मिलनी बंद हो गयी। पादरियों में उत्साह नहीं रह गया। वे परेशानियों से थक गए थे। मसीही लोग अधिक चंदा देने में आनाकानी करने लगे क्योंकि कठिनाईयों के कारण उनका विश्वास पादरियों के प्रति घटता जा रहा था। ऐसी हालत में चर्च के प्रेसीडेंट जोहन तोपानो बड़े उत्साह, आशा और साहस के साथ मंडलियों

Gossner Mission

में भ्रमण करते हैं और मसीही-भाईयों को इस बात की प्रेरणा देते हैं कि वे अधिक-से-अधिक चंदा देवें।

शिक्षकों की परिस्थिति कुछ समय के लिए काफी अच्छी रहती है क्योंकि उन्हें नियमित रूप से वेतन मिलता है। स्कूलों के देखभाल में काफी खर्च बढ़ता ही जाता है और चर्च के लिए यह बोझ इस प्रकार असहना हो उठता है कि सन् १९३१ ई० के महासभा में इस विषय पर विचार-विमर्श होता है कि क्या स्कूलों को छोड़ दिया जाए। वे इस प्रकार के विचार से सहमत नहीं होते हैं, लेकिन

Gossner Mission

उन्हें ये बात मान लेना पड़ता है कि गाँव के एक सौ स्कूलों को, जिसे उन्होंने सरकार के हाथों में दो वर्षों के लिए दे दिया था आर्थिक-सहायता देने में बिलकुल असमर्थ हैं।

इसी समय नए मिशन-क्षेत्र लोगों को दिखाई पड़ते हैं। जमशेदपुर और धनबाद जैसे शीघ्र बढ़ने वाले औद्योगिक क्षेत्रों तथा पश्चिम में जयपुर, उदयपुर और बमड़ा में भी मिशन-कार्य के लिए दरवाजे खुले नजर पड़ते हैं। सुरगुजा के उराँव लोग क्रिस्तान होना चाहते हैं। लेकिन वहाँ के राजा सब प्रकार के मिशन-कार्यों में कड़ी पाबंदी

Gossner Mission

लगा देते हैं। इससे अधिक अच्छा अवसर पालामु जिला में मिलता है। आसाम में भी मंडलियाँ बढ़ने लगती हैं। वहाँ लोगों के बीच गहरी दरारें नहीं थी, क्योंकि वहाँ के चाय-बगानों में काम करके जीविका कमाने की काफी सुविधा थी।

सन् १९१२ में दक्षिण-भारत के लुथेरानों से जो सम्बन्ध स्थापित किया गया था अब वह और दृढ़ होने लगा जब नेशनल क्रिश्चियन कौंसिल की एक लुथेरान-समिति को इस काम का भार दिया गया कि वह करसुरवदा (उड़ीसा) में अपना मिशन-कार्य जिसका

Gossner Mission

आरम्भ युद्ध के समय हुआ था फिर से प्रारम्भ कर सकती है।

इसी बीच सन् १९२९ ई. के अंत में राजमुन्दरी में "फेडरेशन ऑफ लुथेरान चर्चेस इन इंडिया" की नींव डाली गयी। गोसनर चर्च के पांच प्रतिनिधि नींव डालने की सभा में भाग लेते हैं। बीच इसके एक वर्ष बाद गोसनर-चर्च को हांगी में लुथेरान चर्चों और मिशनों के प्रतिनिधियों की सभा में आतिथ्य के रूप में सेवा करने का मौका मिलता है। अतिथिगण इस बड़ी मंडली को देखकर एवं पादरी डुरन्त लकड़ा के "Autonomous Church, today" के

Gossner Mission

उपर भाषण सुनकर बहुत ही प्रभावित हुए।

इस घटना के बाद गोसनर-चर्च की ओर

भारत के अन्य भागों के बहुत से ईसाईयों

का ध्यान केन्द्रित हो गया।

१० जुलाई १९२९ ई० को अर्थात्

ओटोनोनी के दश वार्षीय जुबिली के

अवसर में प्रेसीडेंट तोयोमो ने परबन्धु

पत्रिका में निम्नलिखित संदेश का

प्रकाशन किया: "यह अवश्य है

कि हम इस आत्मस्वतंत्रता को ईश्वर

का विशेष वरदान समझें, ईश्वर को

उसके लिए धन्यवाद दें कि वह हमें

उसके लिए तैयार करे और हमें हमेशा

उसी में बढ़ने का प्रयास करना चाहिए।"

Gossner Mission

वे प्रार्थना के सामर्थ्य के बारे लोगों को बतलाते हैं तथा पवित्रता के दानों के लिए धन्यवाद देते हैं।

इस बार की चर्च कौंसिल एक लम्बी अवधि तक आस्थित में रहती है। अंत में सन् १९३२ ई को फिर से चुनाव होता है, लेकिन इस बार मिस्टर प्रेम (Prem) सचिव चुनते हैं और १९३२ ई. में भी वे इस पद को संभालते हैं। सन् १९३० ई. के ११ वीं जुलाई को माननीय वृद्ध प्रेसीडेंट हनुक दत्ता लकड़ा का देहान्त हो जाता है।

इन वर्षों में चर्च के दो स्थानों — गुमला और रांची में बहुत लोगों की

Gossner Mission

अशांति छा जाती है। गुमला में जुलियुस तिग्गा बसीही-साधु बनकर बहुत लोगों को अपनी ओर खींच लेते हैं। अपने विद्यार्थी जीवन में उसे साधु सुन्दर सिंह का उपदेश रांची के क्रिस्त गिर्जा में सुनने का अवसर मिला था और वह उसे काफी प्रभावित हुआ। साधु सुन्दर सिंह बाद में हिमालय की ओर चले गए जहां से वे कभी ~~लौटे~~ न लौटे। श्री जे. तिग्गा कलकत्ते में दर्शन-शास्त्र का अध्ययन समाप्त करने के बाद घर लौट रहे थे, उसी वक्त रास्ते में उन्हें एक दर्शन मिला और वे साधु बन गए। तदुपरान्त

वह गाँवों में घूम-घूम कर प्रचार करने लगा और बहुत लोग उसे मानने भी लगे। शीघ्र ही वे हिन्दू रीत-रिवाजों को अपनी शिक्षा में जगह देने लगे। वह अपना अलग गिर्जा भी करने लगा जिससे गुमला की मंडली में फूटों की गड़बड़ी आ जाती है। वहाँ के पादरी डॉ० लिग्गा के प्रति उन्हें भी सहानुभूति वा सहायक नहीं दिखलाते हैं। चर्च कौंसिल बहुत ही धीरज के साथ इस झगड़े को तय करने में मध्यस्था का काम करती है लेकिन उसे सफलता नहीं मिलती है। जब डुलिचुस लिग्गा को गुमला की मंडली से निकाल दिया जाता है तो अशांति

और भी तेज जाती है। वहां की अशांति कुछ घट जाती है जब वहां के व पादरी को बदल दिया जाता।

इस तक रांची में भी अशांति के बादल मंडराने लगते हैं। वहां के हाई स्कूल में कुछ इस प्रकार की अनोखी घटनाएं हो जाती हैं जिसे सबों का ध्यान कुछ समय के लिए वहां केन्द्रित हो जाता है।

३. <u>सन् १९३५ ई. में स्कूल का झगड़ा एवं उसका परिणाम।</u>

इस झगड़े में हाई-स्कूल दोनों दलों के बीच अज्ञानता से भरे एक बड़े

Gossner Mission

मतभेद के आरम्भ होने का कारण था। दोनों दलों में गहरी अनबन थी, लेकिन दोनों ही गोसनर चर्च कैथोलिक के बारे चिन्तित थे। इस झगड़े में लार्कमान तथा जी तथा ने इस तरह मिला दिए गए कि झगड़ा और भी जटिल होने लगा। कुछ वर्षों से कुछ अल्पसंख्यक लोग (minority) एक चिन्ता में पड़ गए थे क्योंकि मिशनरियों का प्रभाव बढ़ने लगा और हिन्दुस्तानी अगुवों के उत्तरदायित्व की भावना घटने लगी। इसके विपरीत मिशनरी सब अपने को चर्च के निर्देशात्मक कार्यों में हस्तक्षेप करने में

Gossner Mission

असमर्थ पाते थे, क्योंकि १९२५ ई० के समझौता के अनुसार उनकी डाराह चर्च के सत्ताकारिणी समिति में नहीं वरन् कार्य-कारिणी समिति (Executive) में थी।

हाई-स्कूल के स्तर तथा कार्यों में लोगों को स्पष्ट त्रुटियाँ दिखाई पड़ती हैं। एक समय था जब यह एक आदर्श मध्य स्कूल के नाम से चारों ओर प्रसिद्ध था, लेकिन अब यह धीरे-धीरे लोगों की नजरों में गिरने लगा। सन् १९३२ ई० में इसकी आंतरिक अवस्था बहुत ही शोचनीय हो गयी थी जब डार्मनी से किसी प्रकार की सहायता नहीं मिलती है। १९३२ ई० में ~~छत्तीस~~ छत्तीस

विद्यार्थियों में केवल एक विद्यार्थी मैट्रिक की परीक्षा में उत्तीर्ण होता है। दो वर्षों तक महासभा हाई-स्कूल की समस्या पर विचार विमर्श करती है, लेकिन स्कूल की दुर्दशा में किसी प्रकार का सुधार नहीं लाया जा सका। स्कूल के प्रधानाध्यापक (Principal) को व्यक्तिशः से दोषीदार ठहराने की कोशिश की जाती है। वे एक सादगी और सच्चा ही ज्योतोनोमी को बनाए रखने में बहुत ही जोर देने वाले व्यक्ति थे। जिसके कारण इसको मानने वाले लोग अन्दर-ही-अन्दर यह डरते थे कि मिशनरी लोग हाई-स्कूल का नेतृत्व एक भारतीय के हाथ से

Gossner Mission

लेकर एक डायन-हानि को दे देंगे, और ऐसा करने का सार्वा या चर्च की पूरी स्वतंत्रता के मार्ग में एक बाधा उत्पन्न करना। और ऐसे षड्यंत्रों के विरुद्ध आवाज़ उठाना बहुत ही आवश्यक है यद्यपि की चर्च के अधिक-संख्यक लोगों (Majority) को इस खतरे को ~~कहे~~ नहीं पहचान पाते हैं। इसके अतिरिक्त चर्च-चर्च और स्कूल के पारस्परिक सम्बंध में एक विरोधात्मक भावना जड़ पकड़ने लगी, क्योंकि स्कूल अब अपने को एक अलग संस्था समझने लगी और उसके लिए यह सहनीय नहीं था कि स्कूल के मामलों

में सभी प्रकार के अधिकार फैसला चर्च ही करे। इस विषय में स्कूल को सरकारी-सहायता भी मिलती है।

सन् १९३४ ई० के अप्रेल महीना में महासभा चर्च कौंसिल को स्कूल की समस्याओं को तुरंत सुलझाने के लिए पूर्णाधिकार देती है। और उसके थोड़े ही दिनों के बाद एक निर्णयानुसार वर्ष के अंत में उनव तक के प्रिंसिपल को अपने पद से हटा दिया जाता है।

अगले डेढ़ वर्षों में चर्च को बहुत ही कठिन संकटों के मार्ग से गुजरना पड़ता है। कुछ ऐसे पादरी, शिक्षक और व्यक्ति जो चर्च कौंसिल के इस

Gossner Mission

निर्णय से असहमत थे अपना एक दल बनाने तथा ओटोनोमी की सुरक्षा (Protection of Autonomy) के लिए एक संगठन कायम किया। उन्होंने एक तार इस मांग के साथ वर्तिन भेजा कि तीन मिशनरियों को वापस बुला लिया जाए। बाद में उन्होंने एक निम्नलिखित अभियोग-पत्र भी अपनी इन मांगों के प्रमाणार्थ भेजा कि "मिशनरियों का ख्याल ओटोनोमी के प्रति एक मित्र की तरह है नहीं है, वे पक्षपाती हैं और इस कारण कुण्डा एवं उरांव लोगों के बीच मत-भेद को बढ़ाते हैं; उन्हें यह मालूम नहीं कि भिन्न भारतीय-रियासतों के साथ किस प्रकार पेश आना चाहिए।"

Gossner Mission

चर्च को नाश करने के सिलसिले में यह एक पहला कदम था, और साथ ही दोनों दलों के बीच तनाव और भी बढ़ गयी। सन् १९३४ ई० के अंत में प्रेसीडेंट विरोधी दल से मिल गए, फलतः चर्च कौंसिल ने उसे प्रेसीडेंट-पद से हटा दिया। १९३५ ई० के अप्रेल महीना में महासभा की बैठकी हुई जिसे गोसनर चर्च के इतिहास में एक बहुत ही अशांति भरी महासभा कहा जा सकता है, क्योंकि यहां मसीही-भाईयों ने एक दूसरे को खुले आम शिकायत भरी ~~आलिशान~~ गालियां सुनाया तथा एक दूसरे को कलंकित करने

Gossner Mission

से भी पीछे नहीं हटे। चर्च कौंसिल के निर्णय को दो-तिहाई सदस्यों की सहमति से मान लिया जाता है तथा मिशनरी केरशिस (Kerschis) प्रेसीडेन्ट पद के लिए चुने गए। इसके अतिरिक्त, चर्च कौंसिल द्वारा पास किए गए और दो निर्णय काफी ध्यान देने योग्य हैं: प्रथम, गोसनर मिशन के क्युरोटोरियम से निवेदन किया गया कि प्रेज़ेस स्तोश को जिसपर दोनों दलों का विश्वास था गोसनर चर्च की परिस्थिति देखने के लिए भेजा गए। द्वितीय, फेडरेशन ऑफ लूथरन चर्चेस इन इंडिया एक जाँच कमिशन भेजे

Gossner Mission

रांची गये। सन् १९३५ ई. के शरद् ऋतु में ये बातें कार्यान्वित की गयीं। प्रेड़ास स्तोत्रा बहुत सी मंडलियों में भ्रमण करते हैं तथा लोगों से बात-चीत करके बिगड़ी हुई हालत के बारे एक विवरण तैयार करते हैं। तदुपरान्त पादरियों और ~~[illegible]~~ कन्डिदातों के लिए तीन साप्ताहिक 'रिफ्रेशर कोर्स' करते हैं। ईश्वर का वचन झगड़ा करने वाले लोगों के हृदयों में तीर की तरह घुस गया और वे आपस में सुलह करने के लिए तैयार होने लगे। बंबल अध्यक्ष के समय जब १ कोरिन्थियों की पत्री लागू थी तो आग लेने

बातों की करतूत उनके सामने झलक उठी। कोरिन्थ मंडली के भाईयों का आपसी-झगड़ा, उनका प्रेमरहित होना, तथा उनसे प्रतिशोध लेने की भावना गोलगत-चर्च के आंतरिक परिस्थिति को दिखलाते हैं। सभी पादरी वहां उपस्थित थे और वे ईश्वर के वचन के सामने झुक जाते हैं। एक दूसरे से अब वे फिर से बातें करने लगे। उन्होंने अपना दोष मान लिया एवं अब एक दूसरे को ठीक से समझने की कोशिश करने लगे।

बीक इतिबीच फेडरेशन द्वारा

बिशप सेंडग्रीन (Bishop Sandgreen)

Gossner Mission

के नेतृत्व में न्याय के लिए नियुक्त किए गए जाँच-कमिशन ने अपना निरीक्षण का काम समाप्त किया। विशेष के अतिरिक्त इस कमिशन के सदस्य दो भारतीय, एक नोरवेज़ीयन, एक अमेरिकन तथा डा० कन्नाडे थे। जाँच कमिशन का फैसला एकदम गुप्त रखा जाता है। १७ दिसम्बर १९३५ ई० को बहुत ही नाज़ुक स्थिति में असाधारण महासभा (Extraordinary Mahasabha) की तैयारी शुरू होती है। इस सभा के चौथे प्रेज़ीडेंट स्तोश बनते हैं। सभा का आरम्भ प्रभुभोज के साथ शुरू होता है और तीन दिनों तक चलती है।

Gossner Mission

तदुपरान्त कमिशन का फैसला पढ़कर सुनाया जाता है। लुथेरान-चर्च में जो वर्तमान फूट है उसके लिए सभी आपराधी हैं। भिन्न मतावलम्बियों (dissenters) को चर्च के नियमों को पालन करने का आदेश दिया जाए। एक नयी चर्च-कौंसिल का निर्वाचन हो और वह व्यक्ति उसका सदस्य नहीं हो सकता है जो छः वर्षों से अधिक उसका सदस्य रह चुका हो। सेक्रेटरी पतरुस कुरुद पर इसका खास असर पड़ा। वह प्रेसीडेंट को पेंसन दे दिया जाए। जूरल लकड़ा कुछ वर्षों के लिए भारत के किसी अन्य जगह में कोई पद संभाले।

Gossner Mission

भविष्य में प्रेसीडेंट और सेक्रेटरी केवल भारतीय ही हो सकते हैं। प्रेज़ेस इनोश यह सिफारिश करते हैं कि फैसला बिना वाद-विवाद के ग्रहण कर लिया जाए।

प्रेसीडेंट तोपानो और पतरस हुराह इसे संतुष्ट नहीं थे लेकिन तिरा भी ऐसा होकर ही रहा।

अंत में नया चुनाव होता है। डेविड लुडूर प्रेसीडेंट, पौलुस कन्डुलना सेक्रेटरी तथा मिशनरी रडसिक (Radsick) खजांची बनते हैं। लेकिन उनके पहले भविष्य में मिशनरियों का स्थान चर्च में क्या हो ~~[illegible]~~ उसके बारे महासभा में काफी वाद-विवाद हुआ।

Gossner Mission

प्रेज़ेस स्तीश एक नया प्रस्ताव पेश करते हैं जिसके अनुसार मिशनरी लोग चर्च के सलाहकार तो रह सकते हैं लेकिन बिना मतदान अधिकार के। महासभा के अधिक-संख्यक सदस्य इसका विरोध करते हैं, लेकिन सम्मतिदान नहीं हो पाता है। इस प्रकार सन् १६२५ ई. के समझौता में कोई खास परिवर्तन नहीं लाया गया।

शांति और एकता चर्च में फिर से आ गयी। न्याय कमिशन का फैसला कठिन और अनुचित नहीं था। झगड़े के मूल कारण सर्वप्रथम दूर हटा दिए गए,

Gossner Mission

लेकिन चर्च के ऑटोनोमी को कैसे मजबूत बनाया जाए, यह सवाल लोगों के सामने बना ही रहता है। यह सच्चा है कि प्रत्येक व्यक्ति का हृदय गोसनर-चर्च के प्रति तीव्र प्रेम से परिपूर्ण रहता है। चिन्ता केवल इस बात के लिए रह जाती है कि सच्चाई और आदर्श को कैसे साथ में लाया जाए। चर्च कौंसिल और महासभा का प्रजातंत्रात्मक ढंग से काम करने का नियम बहुतों की दृष्टि में असफल रह गया था इसलिए चर्च के शासनार्थ वे एक शक्तिशाली व्यक्ति चाहते थे। और पहले-पहल इन वर्षों में एक प्रस्ताव

Gossner Mission

पेश किया जाता है कि गोसनर चर्च को एक विशेष चाहिए अथवा नहीं।

यह एक साफ बात है कि एक विशेष भी गोसनर-चर्च के इस विषम आर्थिक कठिनाई को सुधार नहीं सकता था। जर्मनी जब हिटलर के नेतृत्व में था तो गोसनर-मिशन पर १९३७ ई. से एक प्रतिबंध लगा दिया गया कि वह किसी प्रकार की सहायता भारत भेज नहीं सकती है। बीते वर्षों में भी गोसनर-चर्च को कुछ खास सहायता नहीं मिली थी। गोसनर चर्च के मसीहियों की यह धारणा कि ~~मिशनरी~~ मिशनरियों

Gossner Mission

के लौटने से चर्च की आर्थिक-स्थिति में कुछ सुधार आ गया, बेकार साबित हुई। लेकिन चर्च में अशांति आने का यही अंतिम कारण नहीं था।

१९३७ ई० में मिशनरी लोग रांची के हाई-स्कूल के आंतरिक राजनीति में भाग लेते हैं जो उनके लिए न तो ठीक ही था और न ही ऐसा करना उनके अधिकार में था। हाई-स्कूल के प्रिंसिपल इस बीच डा० वोल्फ (Dr. Wolff) हो गए थे और स्कूल की स्थिति काफी सुधर गयी थी। लेकिन तिराजर की दोनों के बहाने कुश्ती फिर से आ गयी। एक दल फेडरेशन के पास पहले ही यह निवेदनपत्र भेजता है कि पादरी डुरेल लकड़ा वापस

बुलाया जाए।

सन् १९३७ ई. को फेडरेशन ने चर्च कौंसिल के साथ बात-चीत आरम्भ किया। इस समय बिशप सेंडग्रीन (Sandgreen) फेडरेशन के चेयरमेन थे। इस बार अमरीकी लुथेरान लोग फिर से गोसनर-चर्च को इस शर्त पर आर्थिक-सहायता देने के लिए तैयार होते हैं कि अब तक शासन से सम्बन्धित विषयों में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं लाया जाएगा। बिशप सेंडग्रीन प्रस्ताव करते हैं कि प्रेज़ेस स्तोश पांच वर्षों के लिए रांची आवें एवं फेडरेशन के स्थायी प्रतिनिधि के रूप में गोसनर चर्च

Gossner Mission

का नेतृत्व करें। १९३७ ई० के अप्रैल महीने में महासभा की बैठकी होती है। इस बार दक्षिणी-भारत के प्रो० आसिर्वादम (Prof. Asirvadam) भी उपस्थित रहते हैं। इस प्रस्ताव को महासभा मान लेती है और मिशनरी लोग भी इसे सहमत रहते हैं।

सन् १९३८ ई० के आरम्भ में प्रेड्रेस स्तोश भारत वापस आते हैं और मार्च महीना से गोसनर-चर्च के प्रसीडेंट बन जाते हैं। लोगों के लिए यह विकास अफ़सोसजनक हो सकता है, क्योंकि यह फैसला १९३२ ई० के समझौता के विरुद्ध था। स्वतंत्र विचार रखने वाले प्रतिनिधियों

Gossner Mission

की कि स्मृति में यह एक कड़ी ऊँचोट की।
लेकिन इस पर भी महासभा में किसी प्रकार
की गड़बड़ी नहीं होती है। महासभा के
लिए यह एक कठिन निर्णय था। यह
इस बात का साफ प्रमाण है कि उनके
सामने इसके अतिरिक्त और कोई दूसरा
उपाय नहीं था। राजनैतिक-जीवन
में जिस प्रकार की संकट-कालिन-
अवस्था (State of Emergency)
की घोषणा होती है, उसी प्रकार
गोलार-चर्चा में भी कुछ समय के
लिए एक ऐसी स्थिति आ गयी कि
कुछ समय के लिए संविधान की
कानूनी विशेषता अर्थ घोषित कर

Gossner Mission

दी गयी।

नए प्रेसीडेंट बुद्धिमत्ता और अपने प्रभुत्व के साथ आरम्भ की कठिनाईयों पर विजय प्राप्त करते हैं। एक शिक्षक की तरह वे इस पद को संभालते हैं। स्वयं नहीं वरन् उनके द्वारा दिए गए सुसमाचार के उपदेश चर्च के भीतरी पापों के लिए आरोग्यपन का कारण हो। सन् १९३९ ई. में द्वितीय विश्व-युद्ध का आरम्भ होता है। सन् १९४२ ई. में उन्हें प्रेसीडेंट-पद छोड़ना पड़ता है क्योंकि जर्मन नागरिक होने की वजह से उनको नजरबंद कर दिया जाता है। उनके उनलावे और सात

Gossner Mission

मिशनरियों एवं चार मिशन-सिस्टरों को भी अंग्रेजों ने कैद कर लिया। ठीक इसी वर्ष के मार्च महीना में रांची के बड़े चर्च-हाता (Compound) को मिलिट्री-सरकार ने अपने कब्जा में ले लिया। ईस्टर्न कमान्ड (Eastern Command) ने इसे अपना केन्द्र स्थान (Head Quarter) बना दिया। केवल छापा-खाना और माइनरी स्कूल अपना कार्य आगे कर सकते थे। थेओलोजी-सेमिनार और लेबोराटरी हाई स्कूल गोविन्दपुर चले गए तथा गोसनर हाई-स्कूल की पढ़ाई लिरवाई जिला स्कूल के मकान में किया जाने लगा।

Gossner Mission

४ भारत का स्वतंत्र होना

स्वतंत्र लुथेरान चर्च, छोटानागपुर और आसाम की नींव दृढ़ करने का प्रयत्न भारत के बड़े राष्ट्रीय-क्रान्ति के साथ में ठीक से लगाया जा सकता है। उन्हीं वर्षों में, जब रांची के आस-पास नयी-नयी मसीही-मंडलियाँ स्थापित की जा रही थीं भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता की लड़ाई और भी जोर पकड़ती जा रही थी। सन् १८५७ ई० का सिपाही विद्रोह एक संकेत था, और सन् १८८५ ई० में इंडियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना उसका फल था। ये दोनों विश्व

कुछ स्वतंत्र लुथेरान चर्च और अस्वतंत्र भारत को एक कदम आगे ले आते हैं। स्पष्ट है कि गोस्पनर-चर्च को औपनिवेशी बिना कुछ के, हाँ — इच्छा के विरुद्ध कठिनाईयों के सामने रहते हुए भी अपने हाथों में लेना पड़ा। हिन्दुस्तान को खून और आँसू में लीगी हुई आजादी ~~मिलीथी~~ मिलती है। देश के अंदर आपसी ~~लड़ाई~~ मत-भेद की लड़ाई में उसे जलना पड़ता है। हाँ, बड़े उत्साह के साथ ~~अब~~ स्वतंत्रता को भी भारत ने अपने हाथों में लिया, लेकिन उसे यह मालूम नहीं था कि कितनी बड़ी-बड़ी कठिनाईयों का बाद में

Gossner Mission

सामना करना पड़ेगा।

गोसनर मसीहियों को इस प्रकार की कठिनाईयों का अनुभव चर्च के विषय में हो चुका था। उनको यह घमंड है और इसका घमंड रहेगा कि भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के सत्ताईस वर्ष पहले ही उन्हें चर्च की ओतोनोमी मिल चुकी थी।

भारत में आदिवासियों और भारत के राष्ट्रीय-क्रांति में कोई सीधा सरतंधा नहीं था। यह छोटानागपुर में मिशनरियों के प्रभाव का कारण नहीं था और नहीं न ही ईसाई धर्म यद्यपि कि यह पूर्ण व्यवहारिक दृष्टि से क्रांतिकारी विचारों से भरा पड़ा है

तथा समाज में सुधार चाहता है। नहीं,
शुरुआत के साथ-साथ सामाजिक कारणों की।
आरंभ में राष्ट्रीय कांग्रेस (National Congress)
शिक्षित लोगों की क्रांति की और जन समूह
उनके अभिप्राय को समझने में असमर्थ
था। इस स्थिति में परिवर्तन आने में
देर नहीं लगी जब महात्मा गांधी गांवों
में भी भ्रमण करते हैं। सन् १९३४ ई०
के जाड़े महीने में वे रांची पधारे।
वे मिशन-कार्य के कोई खास बड़े
मित्र नहीं थे, लेकिन फिर भी
अपने इस आगमन के अवसर पर
बहुत से ईसाईयों से उनका वार्तालाप
हुआ। कुछ ही दिनों के पश्चात्

Gossner Mission

जब उनका पदार्पण जमशेदपुर में हुआ तो लोगों ने उनसे यह आग्रह किया कि ईसाईयों के बीच काम करने वाले हिन्दु-मिशन की स्थापना और सहायता करें। लोगों को आश्चर्य होता है जब वे निम्नांकित बातें कुछ कहते हुए इस विनय को अस्वीकार कर देते हैं: भारत में दो प्रकार के ईसाई देखने को मिलते हैं, एक वे जो मिशनरियों के गुलाम हैं और उसी में मगन होकर सरलता से जीवन-यापन की चाह रखते हैं, और दूसरे वे हैं जो विश्वस्त और दृढ़-विश्वासी हैं और ऐसे ईसाईयों से उनकी मुलाकात रांची में हुई।

Gossner Mission

ऐसे लोगों से उनका ख्रिस्तानी-विश्वास छीन लेना अनुचित है, नकली ख्रिस्तान अपना विश्वास स्वयं ही खो देंगे।

कारण से परिपूर्ण भूत और वर्तमान-काल आदिवासियों के ~~राष्ट्रीय~~ राष्ट्रीय-उत्साह में काफी बाधा डालते हैं। अपने ही स्वदेशी भारतीय लोगों द्वारा उनका किए गए धोखेबाजी और अन्याय से लोग इस तरह परेशान और अविश्वस्त हो जाते हैं कि इस प्रकार की भावनाओं को सिर्फ धीरे-धीरे दूर किया जा सकता है। इस प्रकार यह समझा जा सकता है कि ठीक उसी समय जब राष्ट्रीय-क्रांति देश के राजनैतिक-जीवन में

हल-चल पैदा कर रही थी छोटानागपुर के आदिवासी आत्मशासन एवं महत्त्वपूर्ण निर्णयों के विषयों में मतदान देने के अधिकार के लिए लड़ रहे थे। सरदारों के समान जिन सुविधाओं को बिना सुलझाए छोड़ दिया गया था फिर आ खड़े हुए। सच है कि इस बीच राजनैतिक-खेल के नियमों में बदलाहट आ गयी थी। एक दो घटनाओं को छोड़कर आदिवासी लोग अपने राजनैतिक-लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बल-प्रयोग नहीं करते हैं। इसके लिए वे एक राजनैतिक-पार्टी की नींव डालते हैं

और पार्लियामेंट में दबाव डालने की कोशिश करते हैं। झारखण्ड-राज के स्वप्न का अंत अभी तक नहीं हुआ है लेकिन १९ वीं शताब्दी की तुलना में अब छोटानागपुर बहुत बदल गया है। यह देश अब केवल आदिवासियों के लिए नहीं रह गया है। देश का औद्योगिकरण एवं आर्थिक उन्नति आदिवासियों से चाहते हैं कि वे भिन्न-भिन्न जाति और वर्गों के लोगों के साथ जीवन-यापन करें।

मसीही-मंडलियाँ सबों के लिए एक आदर्श के ~~एक~~ द्योतक हैं, क्योंकि यहां विभिन्न संस्कारों और

Gossner Mission

रीत-रिवाज को मानने वाले साथ रहते हैं। मसीही विश्वास लोगों को इस बात के लिए योग्य बनाता है। गोसनर-चर्च का इतिहास इस बात का द्योतक है कि चर्च में अभी समय झगड़ा और अशांति का राज आता है जब सुसमाचार के बताना नुसार लोग चलना छोड़कर सांसारिक बातों पर अधिक जोर देते हैं। शांति और एकता का दान चर्च को मिलता है, जब ईश्वर के बचन के सामने शीश नवाते हैं। स्कूल के झगड़ा के समय बारम्बार चर्च के लोग विभिन्न दलों में बंट गए। गोसनर-चर्च में कुण्डाओं

Gossner Mission

की संख्या अधिक है और उनका यह भूल है कि वे अधिक-संख्यक होने का फायदा एक बड़े दल के रूप में उठाते हैं। उसे अल्प-संख्यक हैं, और उनकी यह गलती है कि वे बार-बार अलग होने की कोशिश करते हैं।

गोस्पल-चर्च में जिस प्रकार साथ रहने का अभ्यास किया जाता है ठीक वही हाल बड़े राष्ट्र भारत में भी है। लोगों को एक ओर जहां कभी-कभी दर्द भरे अनुभव होते हैं एवं निराशाएं होती हैं, वहीं दूसरी ओर आनन्द के चिन्ह भी दिखाई पड़ते हैं। भारत का संविधान वैसे

Gossner Mission

चिन्हों में भी एक है जो २६ नवंबर १९४९ ई० को संविधान बनाने वाली राष्ट्रीय-सभा द्वारा ग्रहण किया गया तथा इसे कुछ ही महीनों के बाद वैधानिक रूप सिद्ध दे दिया जाता है। संविधान के २५-२८ धारा में भारत के प्रत्येक नागरिक को सोच-विचार करने की स्वतंत्रता दी गयी है। २५ वी धारा को उदाहरणार्थ लिया जा सकता है "प्रत्येक व्यक्ति को एक समान सोच-विचार करने की स्वतंत्रता है तथा किसी भी धर्म को अपनाना, मानना और उसे फैलाने का अधिकार है।

Gossner Mission

गोसनर चर्च के सदस्य भी इस संविधान में निहित अधिकारों का शरण लेते हैं जब अहिन्दुस्तान कट्टर धर्मपरायण जैसे जनसंघ पार्टी अथवा आर्य-समाजी हिन्दुओं के विरुद्ध राजनीतिक दृष्टिकोणों से लड़ते हैं और उन पर अविश्वासी नागरिक होने का दोष लगाते हैं। जब सन् १९६७/६८ ई. को उड़ीसा और मध्य प्रदेश ने ऐसे कानून बनाए और छोड़ दिए गए जिसे हिन्दुस्तानों को अलग दृष्टि से देखा जाने लगा तो न केवल गोसनर चर्च ही वरन् अन्य चर्चों ने भी इसके विरुद्ध प्रजातंत्र भारत के राष्ट्रपति के पास आवाज़ उठायी। इन उल्लिखित कानूनों की नज़र में किसी को जबरदस्त अथवा

Gossner Mission

बहका कर हिन्दुस्तान बनाना एक बड़ा भारी अपराध था। लेकिन यहाँ यह शब्द 'बहकाना' का अर्थ इतना व्यापक है कि कोई भी व्यक्ति इसका मतलब सहज से ही अपनी इच्छानुसार लगा सकता है।

ऐसी घटनाएं यह दिखलाती हैं कि ईसाईयों का यह कर्तव्य है और अधिकार है कि वे वर्तमान राजनीतिक पार्टियों में साथ-साथ काम करें और देश के राजनैतिक-जीवन में अगत-चेत लाने के लिए भाग लेवें।

Gossner Mission

चौथा अध्याय

गोसनर चर्च नये भारत में
(१९४७ - १९६०)

१. एक नया आरम्भ

प्रेज़ेस स्तोत्रा की ~~नजरबंद~~ नजरबंदी के बाद महासभा की बैठकी कुड़डू में हुई। जहां नए चर्च कौंसिल का निर्वाचन हुआ। पादरी ज़ुएल लकड़ा जो दक्षिण भारत से वापस लौट गए थे प्रेसीडेंट हुए। थेयो सुरिन सेक्रेटरी और पादरी लूथर जोजोबार खजांची बने। कार्यकारिणी समिति (Executive) के सदस्य १९२८ ई० की तरह सिर्फ भारतीय लोग थे। लेकिन

Gossner Mission

नए चर्च कौंसिल के प्रति लोगों का विश्वास
उस प्रकार नहीं रहता है जैसा की होना चाहिए।
कुछ पादरियों की योग्यता के विरुद्ध
शिकायतें की जाती हैं। उन वर्षों में
जन आर्थिक-स्थिति बहुत खराब थी
प्रशिक्षण के कामों में काफी त्रुटियाँ
आ गयी थी। इस समय कुछ लोग यह
चाहते थे कि चर्च का विभाजन झुंड
और उपदेश चर्च में हो जाना चाहिए।
लेकिन प्रेस्बेस स्तोश्रा जो १९४६ ई. में
कैद से वापस आ गए थे दोनों दलों
के बीच मध्यस्था का काम करते हैं,
और चर्च का बंटवारा नहीं हो सका।
चर्च को दो भागों में अलग करने की

आवश्यकता भी नहीं होती है, क्योंकि डा० स्ट्रोक (Dr. Stroek) जो एक अमरीकी वासी तथा फेडरेशन के प्रतिनिधि थे रांची आए हुए थे और वे चर्च के केन्द्रीय-शासन की जगह स्थानिक शासन का प्रस्ताव डालते हैं। एक कमिशन द्वारा चर्च के संविधान में आवश्यक सुधार लाया गया और १९५० ई० को इस संविधान को वैधता (legality) दे दी गयी। इसी समय से गोसनर चर्च बारह सिनोदों में बाँट दिया गया। ये सिनोद आर्थिक और शासन का काम स्वयं करते हैं। इसके कारण बहुत-सी ऐसी बातें जिसे

Gossner Mission

झगड़ा उत्पन्न होने की संभावना की,
मिट गयी। लेकिन ~~[illegible]~~ मतभेद का
मूल कारण रह ही गया। अब साथ
में रहने की जगह लोग एक दूसरे से
अलग रहने लगे तथा कुछ ही वर्षों
के बाद पुराना घाव फिर से हरा हो उठा।

प्रेज़ेस स्तोश सन् १९४७ ई. के
शरद् ऋतु ~~[illegible]~~ तक नार्न. कौंसिल के एक
मित्र ~~[illegible]~~ और सलाहकार की
तरह रहते हैं। जर्मनी वापस आने
के पहले तक वे कोंग्रोलोजी-सेमिनार
में शिक्षक ~~[illegible]~~ का काम
किए। इसके अतिरिक्त वे साहित्यिक-कामों
में काफी अभिरुचि दिखलाए। इस

बीच दो मिशनरी क्लिमकाईट (Klimkeit) और बरुवा (Baruwa) तथा दो मिशन-सिस्टर डिलर (Diller) और स्मिथ (Schmith गोसनर-चर्च में वापस आ गए। उनको चर्च-कौंसिल और महासभा में किसी प्रकार का मतदान देने का अधिकार नहीं दिया गया।

कुछ बाहरी कठिनाईयों के होते हुए भी सदस्यों की वृद्धि होती है और बहुत से भागों से यह निवेदन आता है कि मिशन-कार्य फिर से शुरू किया जाए। भारत के स्वतंत्र होने के बाद राजाओं की शक्ति खतम हो गयी थी, और

Gossner Mission

अब तक जो दरवाजाएँ छोटानागपुर के पश्चिमी एवं ~~दक्षिणी~~ पश्चिमी भाग में बंद थीं ~~अब~~ खुल गए। लेकिन अफसोस है कि और समय की तरह ही प्रचारकों और रुपया-पैसा की तंगी बनी रहती है।

यहां सुरगुजा में मिशन काम का शुरु किया जाना एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात है। अम्बिकापुर के आस-पास रहने वाले बहुत से उरांव ख्रिस्तान होना चाहते हैं। छोटानागपुर में पादरियों और प्रचारकों की बहुत आवश्यकता रहने पर भी गोसनर-चर्च वहां इन्हें भेजती है। सुसमाचार का प्रचार

Gossner Mission

होना ही चाहिए। पादरी उरबानुस कुडूर का अश्रान्त कार्य इस विषय में चिर-स्मरणीय रहेगा। अख्रिस्तान लोगों ने बाद में उसके कब्र का अपमान किया। सुरगुजा के नए मिशन-कार्य का आर्थिक भार अमरीकी लोग संभालते हैं।

छोटानागपुर के बाहर एक और अन्य जगह में भी इस प्रकार के काम की बहुत जरूरी थी। काम की खोज में बहुत-से उरांव उत्तर की ओर चले गए और दार्जिलिंग के दक्षिण कुअर्स (Kuars) नाम की जगह में बस गए। ईश्वरीय

Gossner Mission

वचन के प्रचार के लिए यहां भी प्रचारक भेजे जाते हैं। सिंहभूम जिला और उत्तरी उड़ीसा में नयी मंडलियों की नींव डाली जाती है। गोसनर चर्च और गोसनर-मिशन के बीच सन् १९५२ ई. में हुए समझौता के अनुसार इस भाग को जोईंट मिशन फिल्ड का अस्तित्व दे दिया गया है, इसका मतलब यह है कि भारतीय और जर्मन दोनों मिलकर मिशन कार्य करने का उत्तरदायित्व संभालेंगे। और ठीक बगड़ा इलाका की तरह सिंहभूम के हो (Ho) और जुआंग (Juang) लोग भी ईश्वरीय वचन को ग्रहण करते हैं।

Gossner Mission

इस काम का नेतृत्व जर्मन मिशनरी करता करते हैं।

स्कूल के कामों में इन वर्षों के भीतर काफी उन्नति होती है। तन-मन से नए सिरोद नये-नये स्कूलों के खोले जाने में लग जाते हैं। भारत की नयी सरकार इस विषय में चर्च की सेवा की महत्ता को समझती है, और इसलिए उसकी सहायता लेने में उसे कोई हिचकिचाहट नहीं होती है। वह स्कूलों को सरकारी-सहायता देती है तथा विशेषकर आदिवासी बच्चों को पढाई-लिखाई के लिए मदद भी देती है। कुछ ही समय के अंदर रांची के गोसनर-हाई-स्कूल और

Gossner Mission

और लेबेसदा हाई-स्कूल के अतिरिक्त

लकरा, गोविन्दपुर, किंकेल, चौनपुर,

कोरोंडो, लोहरदगा और लाह में खुंटीटोली

एवं गुमला में नए हाई स्कूलों की

नींव डाली जाती है। स्पष्ट है कि सिनोदों

को इसके कारण काफी आर्थिक-बोझ

उठाना पड़ता है, और कभी-कभार स्कूलों

की शिक्षा का स्तर भी गिर जाता है।

लड़कियों की प्रशिक्षण पर अब तक

कोई ध्यान नहीं दिया गया था लेकिन

चर्च अब यहां भी अपना कर्तव्य

देखती है। सन् १९४८ ई० को रांची में

शिक्षिकाओं के प्रशिक्षण के लिए

एक टीचर्स-सेमिनार की स्थापना हुई,

Gossner Mission

जहां प्राइमरी-स्कूलों में पढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। सन् १९३३ ई. में दो जर्मन मिशन-सिस्टरों ने महिलाओं के लिए एक बंगला-स्कूल खोला था। अब यह काम बुड़जू और तब गोविन्दपुर के जिले से आरम्भ किया जाता है। तबिथा-बंगला स्कूल चर्च की एक केन्द्रीय-संस्था मानी जाती है। इस स्कूल में नवयुवतियों को ख्रिस्तानी-जीवन, बंगला और घरेलू-विषयों की शिक्षा दी जाती है। यहां से निकलने के बाद कुछ लड़कियां प्रचारिकाओं अथवा महिला-संस्थाओं में काम करती हैं। जब से जर्मन-सिस्टर

Gossner Mission

स्वदेश चले गए तब से यहाँ का नेतृत्व भारतीय हाथों में है।

१९४९ ई० में चर्च कौंसिल के एक निर्णयानुसार पुराना प्रचारक-सेमिनार जहाँ युग-युग से गोसनर-चर्च के पादरियों को प्रशिक्षण दिया जाता था ~~थेयोलोजि-~~ ~~कल~~ थेयोलोजिकल कॉलेज में बदल दिया गया तथा सिरामपुर युनिवर्सिटी से मिला दिया गया। ऐसा करके एक ओर तो थेयोलोजिकल-प्रशिक्षण का स्तर ऊँचा उठाने का प्रयत्न किया गया और दूसरी ओर पादरियों के परीक्षा के नियम भारत के दूसरे चर्चों में प्रचलित नियमों की तरह बना दिए गए।

Gossner Mission

२ विदेशी मित्र

गोस्नर-चर्च में दुर्दशा के दिन कठिनाई ही उत्पन्न किए ऐसी बात नहीं है वरन् ऐसे समय में चर्च को बहुत विदेशी मित्र भी मिले। पुराने जर्मन-दोस्तों के बाद ही में जब तकलीफ बहुत बढ़ गयी तो वे शुरू में मिशनरी और बाद में किसी प्रकार की आर्थिक-सहायता भेजने में भी असमर्थ हो गए। ऐसी स्थिति में इस कमी को पूरा करने के लिए नए मित्र सामने आ खड़े हुए। ये मित्र अमरीकी-लुथेरान लोग हैं। गोस्नर-चर्च को इन्होंने नियमित रूप से वर्षों से

Gossner Mission

आर्थिक-सहायता दी। भारत में चर्च को यह सहायता सीधे अमेरिका से और द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् वर्ल्ड-लुथेरान फेडरेशन के जरीए मिलती है। यह फेडरेशन लुथेरान चर्चों के जरीए यूरोप के बहुत से देशों और अमेरिका में रुपया-पैसा इक्ठा करके एशिया और अफ्रिका के चर्चों की सेवा एवं सहायता करती है। इसके अतिरिक्त अमेरिकन लुथेरान लोग गुंटूर-मिशन (आन्ध्र एवंजेलिकल लुथेरान चर्च) से बराबर रांची आते ही रहते हैं और अच्छे सलाह देकर गोस्नर चर्च की सहायता करते हैं। इस विषय में

Gossner Mission

एल० कन्नाडे और डा० स्ट्रोक जो सन् १९२० ई० में चले जाते हैं क्या नाम स्मरणीय रहेगा।

सन् १९४७ ई० से गोसनर चर्च का सम्बन्ध देश-विदेश के अन्य जातियों के मिशनरियों से काफी बढ़ने लगता है। गोसनर चर्च का नाम प्रसिद्ध होने लगा, उसके कार्य आनन्द और कदर में देश-विदेश के मित्र सहयोग देने लगे। वर्ल्ड लुथेरान फेडरेशन वास्तव में विश्व के लुथेरान चर्चों का एक परिवार है। जब इसकी इसकी पहली बैठकी १९४७ ई० को लुन्ड (Lund) में हुई तो गोसनर

Gossner Mission

चर्च के प्रेसीडेंट रेव० डूपल लकड़ा भी इसमें भाग लेते हैं, और वे हिशाचाई - लुथेरानों के प्रतिनिधि के रूप में "एक्सीक्यूटिव" के सदस्य चुन लिए जाते हैं।

इस बैठकी के खत्म होते ही कम्युनिटोरियम के नियन्त्रण पर उनका आगमन जर्मनी में होता है। यह गोसनर-मिशन एवं वहाँ के बहुत से क्रिश्चन-मंडलियों के लिए एक बहुत बड़ी घटना थी। पहली बार जर्मन के मित्रों ने विश्वास किया और अपनी आंखों से एक भारतीय भाई को देखा जो उनके सामने गोसनर चर्च के प्रतिनिधि के रूप में खड़े थे — जिसके लिए

Gossner Mission

उन्होंने युग-युग से प्रार्थना और ज्ञान की लौ लगाकर काम किया था। सबों के आनन्द की कोई सीमा नहीं। रेम० लकड़ी विह्वल हो उठते हैं जब वे गोसनर-चर्च के प्रति धन्यवाद के शब्द बोलते हैं। कुछ ने पूर्णतः विध्वंस वर्तिन में वे गोसनर मिशन-हाउस के खंडहर और जोहन स्वेगलिस्ता गोसनर के कब्र के सामने खड़े होते हैं। बाद में वे क्युरोवोरियम को बीते वर्षों के मिशन एवं स्कूल के कार्यों का विवरण सुनाते हैं। मिशनरियों को बाहर भेजने के लिए नए सम्भावनों पर विचार नहीं किया जा सका, क्योंकि

Gossner Mission

जर्मनी में लगाए गए युद्ध के शर्त अभी तक उठाए नहीं गए थे।

यहां क्यूरोतोरिया एक प्रस्ताव पेश करती है जिसके अनुसार युद्ध नवयुवक हिन्दुस्तानी विद्यार्थियों को जर्मन विश्वविद्यालय में थेयोलोजी के अध्ययन का अवसर दिए जाने की बात हुई। इस प्रस्ताव को प्रेसीडेंट और बाद में चर्च-कौंसिल भी सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं।

एक वर्ष बाद होलेंड के अमस्टरडम शहर में वर्ल्ड चर्च कन्फ्रेंस होती है। यहां भी गोसनर-चर्च का प्रतिनिधित्व रेग० डुस्चे तेकड़ा करते हैं।

Gossner Mission

साथ ही रेव० डॉ० डी० तिग्गा, जो अमेरिका में अपना अध्ययन समाप्त कर वापस आ रहे थे, यहां आ पहुंचते हैं। दोनों गोसनर-मिशन के लोगों से भेंट करते हैं और बीते वर्षों में छोड़े गए सम्बंध को और भी मजबूत करते हैं। नवयुवक कोचोलोजी के विद्यार्थियों का जर्मनी में अध्ययन की संभावना पर फिर से बातें होती हैं तथा साथ ही एक नया प्रस्ताव पेश किया गया, जिसके अनुसार गोसनर-चर्च के एक पादरी कुछ वर्षों के लिए जर्मन-चर्च में काम कर सकते थे। भारत से जर्मनी आने-जाने का क्रम बढ़ने

Gossner Mission

लगा। सुश्री सोके, लेथोसदा स्कूल रांची,
श्री डी. पी. कन्डुलना, चर्च के खजांची,
तथा श्री एन. ई. होरो, चर्च के सेक्रेटरी
और उनके अलावा सुश्री बोदरा, श्री. एम. टेटे
और श्री एन. मिंज जर्मनी का भ्रमण किए।
श्री एम. लागे और श्री एस. सुरिन सन्
१९२१ ई. को जर्मनी में अपना थेओलोजी
अध्ययन शुरु किए। उनका अध्ययन
अच्छी तरह सम्पन्न हुआ एवं सन् १९२६ ई.
में वे डिग्री लेकर भारत वापस लौटे।
ठीक उसी समय परस्वलेता रुपेस्स और
डेवी हेमरोम तथा बाद में सेलेंग
हपदगड़ा और बहालेन बागे जर्मनी के
बाद-जलसाफलेन (Bad Salzuflen) के

Gossner Mission

तौबत-स्कूल में काफी लड़के आई तक प्रशिक्षण प्राप्त किए। सन् १९५८ से १९६२ ई० के भीतर आठ नवयुवक भारतीय जर्मनी के विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए आए जिनमें मोतन सिंह भी एक थे। पादरी एच० मिंज का जर्मन-रिश्तेदार कंडलियों में पाँच वर्षों तक घूम-घूम कर सुसमाचार प्रचार करने से लोग बहुत ही प्रभावित हुए होते हैं। इन सभी विभागों में लोगों को भाषा की कठिनाई पर विजय पाना पड़ता है। बाद के वर्षों में गोस्नर चर्च के बहुत से ~~प्रतिनिधियों~~ प्रतिनिधियों का आगमन ~~हुआ~~ जर्मनी में होता है जो

Gossner Mission

कुछ सप्ताह तक जर्मनी के रिश्तेदारी मंडलियों में भ्रमण किए तथा इन मंडलियों के मसीही-जीवन का अध्ययन कर वापस लौट गए।

विश्वयुद्ध के बाद भारत और जर्मनी का अंतर्राष्ट्रीय सम्बंध फिर से ठीक हो जाने पर जर्मन मिशनरियों को छोटानागपुर भेजने के विषय में काफी विचार-विमर्श हुआ। प्रारंभ में एक नया समझौता गोसनर-चर्च और गोसनर-मिशन के बीच होता है और पहली बार १९२०ई० में टर्म्स ऑफ रिफरेंस (Terms of Reference) के अंदर इस बात पर विचार होता है। चर्च के नियन्त्रण पर जर्मन-मिशनरी सलाहकार

Gossner Mission

और सहायक के रूप में आते हैं, लेकिन एकत्रीकरण से उन्हें कोई मतलब नहीं था। उम्मीद है कि भविष्य में भारतीय चर्च-कौंसिल और जर्मन सहकर्मियों के बीच किसी प्रकार का तनाव नहीं आएगा।

सन् १९५१ ई० में सुल्ट्ज़ (Lic. Schultz) जो बंगलोर डिवाइन कॉलेज में शिक्षक की हैसियत से अपना कार्य आरंभ करते हैं। १९५२ ई० से उसकी जगह पादरी क्लोस (Kloss) तथा १९६७ ई० से डा० डेल (Dr. Dell) काम करते हैं। १९५३ ई० में चर्च सिस्टर ईल्जे मार्टिन (Ilse Martin) को रोगियों की वैद्य-सेवा के लिए बुलाती है।

Gossner Mission

'टर्म्स ऑफ रिफरेंस' में यह निर्देश भी दिया गया है कि गोसनर चर्च गोसनर मिशन के अलावा विश्व के सभी लुथेरान चर्चों से आवश्यकता होने पर सहकर्मी भेजने के लिए निवेदन कर सकती है। इसके विपरीत यह एक आनन्द की बात होगी यदि भारत के भ्रातृ-चर्चों (Brother Churches) गोसनर चर्च के सहकर्मियों को अपने यहां काम करने का निमंत्रण देंगे। गोसनर मिशन का सम्बंध गोसनर-चर्च से उसी प्रकार का है जैसा एक माँ का बेटी से। सन् १९५४-५५ ई० में मिशन डाइरेक्टर लोकिस (Lokies) का

के छोटानागपुर आने से दोनों के बीच का स्नेहपूर्ण सम्बंध और भी गहरा हो जाता है।

3 चर्च की एकता

सन् 1878 ई० को महासभा अपनी मंजूरी दे देती है जब रेव० डी० लकड़ा प्रेसीडेंट और श्री एन० ई० होरो सेक्रेटरी के पद के लिए निर्वाचित किए जाते हैं। अब तक चारों ओर शांति छायी रहती है, कोई सामने के लिए पुराने मत-भेदों का कोई पता नहीं चलता है हालांकि वे पूर्ण रूप से मिटे नहीं है। लेकिन कब तक? शीघ्र ही

आँधी चल पड़ती है और इसका असर सन् १९५५ ई० के अप्रैल महीना के महासभा में बुरी तरह पड़ता है। अधिक-संख्यक लोग चर्च के नेतृत्व से असंतुष्ट होकर सभा छोड़ देते हैं और अपने बीच एक नयी चर्च कौंसिल का चुनाव करते हैं; प्रेसीडेंट को अपने पद से कुछ समय के पहले ही हटा दिया जाता है। लोगों के बातचीत की कोई सीमा नहीं थी। यद्यपि नये चर्च कौंसिल का चुनाव अधिक-संख्यक सदस्यों द्वारा हुआ था तथापि उसे ~~जायज~~ जायज नहीं कहा जा सकता है। इसलिए १९२२ ई०

Gossner Mission

के अक्टोबर महीना में एक असाधारण महासभा (Extraordinary Maha Sabha) बुलाई जाती है। सदस्यों को यह महसूस होता है कि यदि वे गंभीरता और साहस के साथ अपने इस उत्तरदायित्व को नहीं निभायेंगे तो चर्च की एकता एवं अखण्डता भयंकर खतरे में पड़ जायेंगे। ईश्वर के सामने प्रार्थना के साथ दोष मान लिए जाते हैं। सब कार्यों का निपटारा शांतिपूर्वक होता है, एवं नियमानुसार निर्वाचन भी होता है। सेक्रेटरी और खजांची फिर से चुने जाते हैं। चर्च के नए प्रेसीडेंट डी. डी. पी. तिग्गा बनते हैं। शांतिपूर्वक

Gossner Mission

यहाँ सभा समाप्त होती है, लेकिन उत्तरी-सिनोद के सदस्यों का एक दल भूतपूर्व प्रेसीडेंट की अगुवाई में इस परिणाम को मानने से इंकार कर देता है और नोर्वजीन के साथ शामिल हो जाता है। इस प्रकार एक बहुत ही हानिकारक झगड़ा का आरम्भ होता है जो वर्षों तक चलता है। अफ़सोस है कि इस संकट की शुरुआत उन्हीं व्यक्तियों ने किया जिन्होंने भूतपूर्व दिनों में चर्च की स्वतंत्रता के लिए अपना तन-मन लगा दिया था। गोसनर चर्च के सर्वनाश के लिए क्या यही उनका दान है? अन्याय और कुटिलता से भरे

Gossner Mission

युक्तियों के कारण आने वाले दिनों में चर्च
कौंसिल की कठिनाईयां और भी बढ़ गयी।
प्रेम और धैर्य आत्मा के फल हैं। सवाल
है, क्या एरे चर्च ने पवित्रात्मा खो दिया,
क्या ईश्वर ने उसे अपना मुँह मोड़ लिया?
यह विश्वास और धर्म की लड़ाई नहीं
थी, और न ही उरांव और मुंडा
जातियों के बीच की लड़ाई थी, क्योंकि
इसके लिए कुछ विशेष प्रमाण भी नहीं
मिलता है। दिन-प्रतिदिन के राजनीतिक
भेद-भाव, सामिगत शत्रुता, अनुशासन
की कमी एवं दुर्जय अविश्वास की
भावनाएं इस लड़ाई के चरित्र को
बतलाते हैं तथा समाज की दौड़ के

Gossner Mission

साथ चर्च की दुर्दशा बढ़ती ही जाती है। बहुधा मंडलियों को यह मालूम भी नहीं रहता है कि झगड़ा के कारण क्या है और अभिज्ञ अपने अगुओं के पीछे चल पड़ते हैं। इस रोग ने चर्च को एक तेज कुल्हाड़ की तरह झकझोड़ कर रख दिया।

नोर्थ ज़ोन सन् १९५६ ई० के मार्च महीना में होने वाले महासभा में कोई भाग नहीं लेती है। वह गोस्पल-चर्च के दो स्वतंत्र चर्चों में बंट जाने की घोषणा करती है तथा उसके लिए एक नये संविधान की मांग पेश करती है। भारतीय लुथेरान

Gossner Mission

चर्चों के फेडरेशन के चेयरमेन विशप मानिक्कम (Manikam) सन् १९५७ ई० के जून महीना में भेद-भाव को हटाने की कोशिश करते हैं। एक समझौता करवाने में उन्हें सफलता मिली। तदनुसार चर्च कौंसिल नौकर-ज़ोन के विरुद्ध चलाए सभी नीतियों को वापस ले लेती है। विरोधी-दल चर्च के बोर्ड-चर्च के प्रति आज्ञा पालन करने की प्रतिज्ञा करता है। दोनों ओर से एक नये ~~निस्सम्बन्धी~~ संविधान बनाने के लिए एक कमिशन नियुक्त की जाती है जिसमें गोसनर-मिशन के क्यूरोटोरियम का भाग लेना

Gossner Mission

आवश्यक समझा जाता है। वर्लिन से शांति की प्रस्तावनाएं (अक्टोबर १९५७) आती हैं, लेकिन छोटानागपुर में एकता की कोई संभावना दिखाई नहीं पड़ती है। दोनो दलों के बीच का दरार बढ़ता ही जाता है और दूसरी-दूसरी संस्थाओं में भी गहरी अशांति फैल जाती है। दोनों दल एक दूसरे के विरुद्ध सांसारिक कचहरी में लड़ते हैं। गोसनर चर्च अपनी इज्जत खो बैठता है, यहां तक कि की यह आपसी लड़ाई अन्य स्थानों के लिए भी एक परेशानी का कारण बन जाता है।

Gossner Mission

सन् १९५८ ई० के अप्रैल महीना में चर्च कौंसिल लुथेरान वर्ल्ड फेडरेशन को एक इकुमेनिकल कमिशन राँची भेजने के लिए निवेदन करती है। यह एक बड़ा की बात है कि गोसनर चर्च इस स्थिति में स्वयं शांति और एकता की स्थापना करने में असमर्थ होकर दूसरों से सहायता की माँग करती है। लुथेरान वर्ल्ड फेडरेशन अपनी सहायता देने के लिए तैयार हो जाती है और यह प्रस्ताव करती है कि इकुमेनिकल कमिशन के आने के पहले गोसनर मिशन के डाईरेक्टर हंस तोकिस एवं मिशनरी ~~[illegible]~~ ~~[illegible]~~

Gossner Mission

क्लिमकाईट गोसनर चर्च में प्रमाण करें।

इस प्रमाण के समय उनका कार्य था

पादरियों के एक कन्फ्रेंस द्वारा तथा

मंडलियों में घूम-घूम कर इकुमेनिकल

कमिशन के लिए एक विवरण तैयार

करना। सन् १९४४ ई० के जनवरी

और फरवरी महीने में वे भारत पहुंचते

हैं। झगड़े को तय करना बहुत

ही कठिन हो जाता है, क्योंकि दोनों

दल एक दूसरे को जबरदस्त गलत

प्रमाणित करने की कोशिश करते हैं।

नोर्वा डोन आठ दिनों तक शिकायतें

भरी दलीलें पेश करती है।

उनके संविधान की रूप-रेखा की

Gossner Mission

आलोचना जर्मन-अभ्यागतों ने खूब किया।
जो भाई को त्यागना चाहता है, वह न्याय
के विरुद्ध है। वैधानिक चर्च कौंसिल
प्रारंभ में अलग होने वाले दल से
बेशर्त चर्च कौंसिल की अधीनता
स्वीकार करने की माँग करती है,
लेकिन अंत में विरोधी दल के
साथ मिलकर सलाह-मशविरा
करने के लिए तैयार हो जाती है।
दोबल-पाठ के बाद साथ-सभा का
आरंभ होता है। शुरू में कुछ
कठिनाइयाँ होती हैं लेकिन साथ
ही बन्धु के कुछ करीब वे आ
जाते हैं। आपसी कुशलता के

Gossner Mission

बावजूद भी वे सभा में पवित्र-प्रभुभोज में भाग लेते हैं और अति शीघ्र शांति की आत्मा अपना काम शुरू कर देती है। बहुत-सी विशेष-विशेष बातों में दोनों सहमत हो जाते हैं और इस प्रकार सन् १९५५ ई. में महासभा बुलायी जाती है जो पहली बार से पाँच गुना तक बैठती है। इस महासभा में निम्नांकित विशेष निर्णय हुए: चर्च का विभाजन किसी भी शर्त में नहीं होगा। संविधान में सुधार लाना जरूरी है। १९५७ ई. में बनायी गयी कमियों को मंजूरी दे दी गयी और तुकेरान वर्ड

Gossner Mission

फेडरेशन के तीन प्रतिनिधियों को मिलाकर कमिशन के सदस्यों की संख्या बढ़ा दी गयी, और तीन सदस्यों में से एक कमिशन के चेयरमेन बनाए गए। यह कमिशन एक नये संविधान की रूप-रेखा तैयार करती है, और बाद में महासभा को उसके लिए अपनी मंजूरी देनी पड़ती थी। इस कमिशन को सभी प्रकार के प्रस्तावित सवालों पर वाद-विवाद करने की स्वतंत्रता थी। इस बीच इस कमिशन में यह भी तय हुआ कि लोगों को हरेक किस्म के लड़ाई-झगड़ों से दूर रहना, अलग-अलग

Gossner Mission

गिर्जा ~~कस्ट्रो~~ करने की मनाही तथा कचहरी से सभी प्रकार के नालिशों को वापस ले लेना चाहिए।

लुथरान वर्ल्ड फेडरेशन इस पर शीघ्र ही अपने प्रतिनिधियों बिशप मानिकम (दक्षिण-भारत), बिशप माचर (जर्मनी) और प्रो० डा० किशी (Kishi) (जापान) को चुन लेती है। इनमें अंतिम तीनों को बाद में हिन्दुस्तान आने की आज्ञा नहीं मिली। सन् १९५२ ई० के अक्तूबर महीने में बिशप मानिकम रांची में काम की तैयारी में लग जाते हैं। इस वक्त यह तय किया जाता है, यदि कमिशन के सदस्यों

में एकता की संभावना नहीं होगी तो ऐसे प्रस्तावों को स्वीकार किया जाएगा जिसकी प्रस्तावना ऐसे सदस्यों द्वारा होगी जो गोसनर चर्च के सदस्य नहीं हैं। यह निर्णय हुआ कि १९६० ई० में इक्युमेनिकल कमिशन और उसके तुरंत बाद की महासभा की बैठकी होगी। इस बीच कमिशन के सदस्यगण जो गोसनर चर्च के सदस्य थे एक नए संविधान की रूप-रेखा बनाने में आवश्यक बातों की खोज में लग गए।

४ <u>सन् १९६० ई० का नया संविधान</u>

अप्रैल महीना के मध्य में

Gossner Mission

विशप मानिकम के सभापतित्व में कठिन कामों से भरे इकुमेनिकल कमिशन की की शुरुआत होती है। बहुत प्रयत्न करने पर भी मत-भेद बना रहता है और इस प्रकार इकुमेनिकल कमिशन के सदस्यों की सम्मति को मानना आवश्यक हो जाता है। लेकिन अंत में कमिशन एकमत ~~होकर~~ होकर नए संविधान का एक नमूना महासभा के सामने पेश करती है।

सभा की बैठकी २७ अप्रेल से ~~पहली~~ १ली जुलाई सन् १९६० ई० तक चलती है। यहां बहुत दौरों का ~~वाद~~ वाद-विवाद होता है तथा ईश्वर की आत्मा भी यहां काम करती है, और अंत में

Gossner Mission

नए संविधान को स्वीकार कर लेने का विचार किया गया।

बीते वर्षों के दुःख भरे अनुभव से लोग सचेत हो गए थे इसलिए निम्नलिखित दो मूल बातों को नए संविधान में विशेष जगह दी गयी :-

१) गोसनर चर्च की एकता का भंग किसी भी मूल्य में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

२) विभिन्न दलों के अधिकारों की रक्षा चर्च के अंदर ही होगी।

इसलिए चौथी धारा (Article 4) में निम्नांकित बातें मिलती हैं :- ईश्वर की आवस्था के अधीन होकर

Gossner Mission

चर्च का यह कर्तव्य है कि वह अपने विश्वासियों की एकता विश्वास और साक्षी में ढूंढेगी तथा उसे बराबर बनाए रखेगी, चाहे वे किसी भी सामाजिक अथवा जातिय दलों के व्यक्ति हो (गलति: ३:२८)। उसी अवस्था के अधीन होकर चर्च अपने को ऐसी संगठित करे कि विभिन्न व्यक्तियों और दलों के लोग आपस में प्रेम से रहे तथा ईश्वर से दी गयी स्वतंत्रता का आदर करे। (१का कोरिन्थ ६: १-१२)।

चार अंचलों के बनाए जाने के कारण चर्च के शासन-पद्धति में एक नया नियम आ गया।

Gossner Mission

इन अंचलों का नाम था नॉर्थ वेस्ट अंचल, साऊथ ईस्ट अंचल, उड़ीसा अंचल और आसाम-अंचल। रांची की मंडली को, एक केन्द्रीय मंडली (Headquarter Congregation) होने की वजह से एक विशेष स्थान (Status) दिया गया और खुंटीटोली सिनोद के लिए कोई समाधान नहीं मिलने के कारण उसे कुछ समय के लिए वैसा ही छोड़ दिया गया। अंचल सब अपने क्षेत्रों के भीतरी विषयों में स्वयं ही उत्तरदायी हैं और अंचलों के शासनार्थ अपने क्षेत्रों से जिम्मेदारी व्यक्तियों का निर्वाचन करते हैं। सम्पूर्ण गोस्नर

Gossner Mission

चर्च के केन्द्रीय-शासन के निमित्त प्रत्येक अंचल अपने प्रतिनिधियों को केन्द्रीय-सलाहकारी सभा (KSS) में भेजती है। ये सभा दूसरे चर्चों से सम्बंध बनाए रखने तथा, धर्मशास्त्री के प्रशिक्षण देने का, सुसमाचार प्रचार तथा मिशन के जायदाद के देखभाल करने की जवाबदेही रखती है। इन उल्लिखित विषयों तथा सम्पूर्ण चर्च के अन्य विषयों के लिए बोर्ड (Boards) बनाए गए। अब तक के महासभा के कार्य का भार नए के.एस.एस. के कंधों पर लाद दिया गया। महासभा अब कलीशिया संघ में बदल दी गयी, और इसकी

Gossner Mission

बैठकी छः वर्षों में एक बार विवरणों को सुनने और नए-नए सिफारिशों पर विचार-विमर्श करने के लिए निश्चित की गयी। अल्पसंख्यक दलों को अन्याय से बचाने के लिए मंडली के इलाकाओं और अंचलों में "अल्पसंख्यक लोगों की रक्षा समितियाँ" भी बनायी गयीं। इन समितियों को यह देखने का कार्य सौंपा गया कि भविष्य में कोई भी दल दूसरे दल द्वारा अनादर की दृष्टि से देखा नहीं जाएगा। गोस्नर चर्च का सम्पूर्ण नेतृत्व प्रमुख अध्यक्ष (प्रेसीडेंट) के हाथ में दे दिया गया।

उसका निर्वाचन अध्यक्षों द्वारा

Gossner Mission

एकमत होकर अथवा चिट्ठी डाल कर किया जाएगा। तीन वर्षों की सेवा की अवधि के बाद उप-प्रमुख अध्यक्ष उसका स्थान ग्रहण करेगा। सम्पूर्ण चर्च के कार्यों जैसे सुसमाचार का प्रचार, जायदाद की देखभाल, शिक्षा और वेधशास्त्रीय प्रशिक्षण के लिए पहले चार बोर्ड (Boards) बनाए गए।

प्रत्येक संविधान मनुष्य का कार्य है अतएव उसमें त्रुटियाँ आ ही जाती हैं। समय की चाल और व्यवहारिक अनुभव इसके द्योतक हैं। गोसनर चर्च

के संविधान में भी बहुत-सी कमजोरियाँ हैं।

विभिन्न स्थानों में यह बात स्पष्ट झलकती है कि लोगों को एक दूसरे पर कोई सच्चा विश्वास नहीं है। विशेषकर प्रमुख अध्यक्ष का पद इसके कारण काफी निकृष्ट किया गया जिसका चुनाव अन्य अध्यक्षों की तरह तीन वर्षों की अवधि के बाद फिर से संभव नहीं, या समझने योग्य है यदि वे केवल गोस्पर चर्च का प्रतिनिधित्व करते, लेकिन संविधान उसे ऐसे-ऐसे उत्तरदायित्व के कार्य देता है कि उसका तीन वर्षों से भी अधिक समय तक इस पद में रहना अत्यंत

Gossner Mission

आवश्यक लगता है। दूसरी ओर बीते दिनों के अनुभवों के कारण विरोध से बचने के लिए महत्वपूर्ण फैसलाओं को हिचकिचाहट के साथ पास किया जाता है। उदाहरणार्थ 22वीं धारा (Article 22) को लिया जा सकता है, जिसके अनुसार बोर्ड (Boards) तब अपने विषयों में स्वतंत्र हैं, लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है। उनमें यह साहस नहीं कि किसी प्रकार का निर्णय करें, इसलिए इसका भार के० एस० एस० के ऊपर छोड़ दिया जाता है। और के० एस० एस० भी इन मामलों में सुरक्षित नहीं,

Gossner Mission

क्योंकि उसे यह पता नहीं रहता है कि कब और कहां अंग्रेजों की सहायता की जरूरत हो जाए। अतएव यह आश्चर्य की बात नहीं है यदि केन्द्रीय-शासन का काम होता तो खूब है लेकिन धीरे-धीरे। इसमें संदेह नहीं कि खूंटीटोली के भविष्य का सवाल आने वाले वर्षों में भी एक सवाल बना रहेगा। कोई भी शक्ति नहीं यह होना सकता है कि संविधान में बड़ी-बड़ी त्रुटियां नहीं हैं वरन् उसके प्रयोग में।

लोगों के विचार भिन्न-भिन्न हैं, लेकिन यह साफ है कि बीते दस

Gossner Mission

वर्षों में संविधान का अच्छा प्रभाव पड़ा है। इसने गोसनर-चर्च की एकता की रक्षा तथा उसे दृढ़ किया है। अब फिर से विभाजित होने के लिए यह बस नहीं होती है। अब तक सभी स्थानों में शांति लाने में यह संविधान असमर्थ रह गया है, लेकिन शांति की एक अच्छी नींव अवश्य डाल दिया है। आने वाले वर्षों में संविधान में ~~संशोधन~~ संशोधन लाना जाएगा अथवा एक बिलकुल नया संविधान बनाना जाएगा, यह कहा नहीं जा सकता है।

गोसनर-चर्च का वर्तमान संविधान सन् १९ ई० के १ली जुलाई

से वैध घोषित कर दिया गया। अंचलों में निर्वाचन होने के पश्चात् प्रमुख अध्यक्ष के पद के लिए चिट्ठी डाली जाती है जहाँ रेव० डुरान वाकड़ा इस पद को संभालते हैं। उप-प्रमुख अध्यक्ष डा० नागे सन् १९६६ ई० में उसके उत्तराधिकारी हुए। रेव० सी० बी० आईन्द १९ १९६६ ई० से ~~[illegible]~~ चर्च के सबसे ऊँचे पद को सुशोभित करते हैं, उसके बाद इस पद को रेव० बी० मिंज संभालेंगे। कि० एस० एस० ने १९६८ ई० में Church Court of Constitution बनाने का फैसला किया जिसके कंधों में संविधान

Gossner Mission

अनुवाद करने का भार सौंपा जाएगा।

Gossner Mission

पाँचवा अध्याय

गोसनर चर्च की सेवा

१९६०- १९६९

१ सुसमाचार - प्रचार

गोसनर-चर्च के इतिहास के परिच्छेद विभिन्न-चरित्रों को दिखलाते हैं। आत्मनिर्भरता पाने के प्रयत्नों तथा एकता के लिए युद्ध के बाद ऐसी शक्तियाँ स्वतंत्र हो गयी जिससे गोसनर चर्च भीतरी और बाहरी मामलों में प्रभावशाली बन सके। चीगु रिबुस्त की आज्ञा एवं अपनी स्थिति के कारण गोसनर चर्च

Gossner Mission

प्रारंभ से ही एक मिशनरी चर्च बनी। यहाँ तक की संकटकाल में भी मंडलियों में वृद्धि होती है। सन् १९५५ ई० में सदस्यों की संख्या दो लाख से ३ भी अधिक बढ़ गयी और १९९९ ई० के पचास वर्षीय जुबिली तक इनकी संख्या लगभग दो लाख पचहत्तर हजार हो जाएगी। ऐसी चर्च की वृद्धि हो जाएगी जो केवल शासन और व्यवस्था के कामों में लगी रहती है। ऐसी चर्च जो अपने सदस्यों को ईश्वर के वचन के प्रति विश्वास योग्य बनाती है जीवित रहेगी और दुर्बलता में इससे ईश्वर के सामर्थ का अनुभव करेगी। सन् १९९१ ई० को

Gossner Mission

नयी दिल्ली में विश्व के चर्चों की जो कांफ्रेंस हुई वह एक बहुत ही विशेष विषय था। कांफ्रेंस तब अंत हुई तो बहुत से विदेशी चर्च के मिशन गोसनर चर्च के मिशनरी कार्य और अभिप्राय से प्रभावित हुए बिना नहीं रहे।

सुसमाचार प्रचार का ध्यान विशेषतः गांवों के आदिवासियों के बीच होता है। मिशन-कार्य के कुछ कार्य-क्षेत्र गोसनर चर्च के उत्तर-पश्चिम तथा दक्षिण में हैं। जो इंडिया मिशन बोर्ड ने सन् १९४४ ई. को दक्षिणी-क्षेत्र में काम शुरू किया तो मिशन-कार्य के लिए दरवाजा खुला

Gossner Mission

~~स्कूल~~ पाया । जब मिशनरी लरुया स्वदेश वापस चले गए तो रेव० डब्ल्यू० बी० तिग्गा इसका उत्तरदायित्व अपने कंधों पर लिए । सन् 1968 ई० को 'बोर्ड ऑफ एवंगेलिज्म एंड लिटरेचर' दक्षिण पूर्वी अंचल एवं उड़ीसा अंचल के सहयोग से इस काम को अपने सिर ले लेती है । सिंहभूम, बलरामपुर और बगड़ा जिलाओं में नयी-नयी कंडलियों की नींव डाली जाती है । रिवस्तानी विश्वास के विरोधी विशेषकर आर्य-समाज मिशन-कार्य में काफी रुकावट डालते हैं । नए कंडलियों के अंचलों में विभाजित किए जाने से काफी

Gossner Mission

कठिनाईयां होती हैं, क्योंकि उनकी आर्थिक-
स्थिति मजबूत नहीं है। यही हालत
उत्तर-पश्चिम के क्षेत्रों का भी है, लेकिन
इन कष्टों के होते हुए भी सुरगुजा का
मिशन-कार्य प्रशंसनीय है।
दक्षिण-भारत के एक निपुण मिशनरी
की अगुवाई में तथा अमरीकी
लुथेरानों की आर्थिक सहायता से
अम्बिकापुर के करीब आठ
हजार उरांव लुथेरान मंडली में
मिला लिए गए। लेकिन गोसपल चर्च
का संगठनीय-सम्बंध वैसा नहीं
जैसा कि को होना चाहिए।
जयपुर क्षेत्र, जो अम्बिकापुर

Gossner Mission

और नोर्थ वेस्ट अंचल के बीच स्थित है, में मिशन-कार्य बहुत ही उत्साह एवं अदृढ़ ढंग से होता है। आसाम में भी प्रभावशाली सुसमाचार प्रचार की नयी संभावनाएं हैं। वहां के पहाड़ी जाति के लोग जैसे मिकिर और दुफला प्रचारकों को अपने पास भेजने का निवेदन करते हैं। इस सिलसिले में पहला प्रचारक भाषा की कठिनाई के कारण असफल रह जाता है। लेकिन इस जाति के कुछ बपतिस्मा पाए हुए युवक नवजवान लोगों को अब छोटानागपुर में प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो सन् १९६८ ई० से

इस पहाड़ी-क्षेत्र में भी मिशन का काम बड़े उत्साह से करेंगे।

मिशन-कार्य का उत्तरदायित्व बोर्ड ऑफ एवंगेलिज़ा के कारण सिर्फ के०एस०एस० के सिर पर नहीं परन्तु अंग्रेजों और इलाकाओं पर भी है। वहाँ की की सफलताओं में काफी अंतर है, हालांकि प्रत्येक गाँव के प्रत्येक दरवाजा में मिशन के काम पड़े हुए हैं। कुछ जागृत कंडलियाँ अपने पड़ोस में सु-समाचार प्रचार के कार्य के लिए लोगों को भेजती हैं, लेकिन दूसरी ओर ऐसी भी कंडलियाँ भी हैं जो सुस्त हैं और उन्हें जगाना जरूरी है।

Gossner Mission

आंदोलनी मतभेद और झगड़ों ने चर्च को कुछ मामलों में कुछ हद तक पंगु और निष्क्रिय बना दिया। यह सच है कि नए और प्रभावपूर्ण मिशन-कार्य के लिए चर्च को सदैव रुपये-पैसे की आवश्यकता है। कोई आंकड़े बंगो-लिङ्ग सात ने दो लाख से भी अधिक रुपया अस्त्रस्तानों के बीच सुसमाचार प्रचार के काम के लिए खर्च करती है और इस कार्य के लिए आधे से भी अधिक रुपया गोसनर मिशन से मिलता है एवं कुछ सहायता लुथरन वर्ल्ड फेडरेशन से भी मिलती है जिससे मिशनरियों को तनख्वाह मिलने में किसी किस्म की कठिनाई न हो।

Gossner Mission

गोस्नर-मिशन इस बात का स्मरण दिलाती रही है कि गाँवों के अलावा शहरों और नए-नए औद्योगिक क्षेत्रों में मिशन-कार्य की अपेक्षा कदाचित् नहीं होनी चाहिए। आदिवासी लोग अपने देश के औद्योगिकरण से खुश नहीं हैं, क्योंकि उन्हें अपने खेतों से हाथ धोना पड़ता है और दूसरी जगह से आकर बसने वाले लोगों के कारण उन्हें नौकरी भी नहीं मिलती है। लेकिन इस स्थिति में परिवर्तन लाने में देर नहीं है जब छोटानागपुर के लोग भी आधुनिक प्रशिक्षण पाएंगे। थोड़ी-बहुत शिक्षा पाए हुए ग्राम-निवासियों के लिए शहरों

Gossner Mission

आकर्षण के केन्द्र हैं और ऐसे कलियों की संख्या में आने वाले वर्षों में अतिशीघ्र वृद्धि होगी और ऐसे लोगों को सुसमाचार की जरूरत है अतः वे अपने रीत-रिवाजों, जातियता और धर्मों को छोड़ देंगे। गाँवों की तुलना में शहरों में दूसरे प्रकार के धर्म-प्रचार की विधियों की जरूरत है। इस किस्म के ढंग गोस्पर चार्च विशेषकर जमशेदपुर, राउरकेला, हटिया और लोधारों में प्रयोग कर रही हैं। अंतिम दो जगहों में गोस्पर-मिशन की सहायता से मकान बनाने के लिए जमीन खरीद ली गयी है। जो भी इन शहरों में सुसमाचार

Gossner Mission

प्रचार करने का काम करता है उसे

औद्योगिक दुनियाँ की समस्याओं से

वाकिफ होना जरूरी है। दुर्गापुर में

एक इकुमेनिकल ट्रेनिंग इंस्टीच्युट है।

सन् १९६६ ई० में गोस्नर चर्च के पास

पादरी इस इंस्टीच्युट में कुछ दिनों तक

~~प्रशिक्षण~~ प्रशिक्षण पाएंगे, जिससे वे

नए ढंग के कामों को और भी

निपुणता से कर सकें। सन्

१९६७ ई० के अप्रेल महीना में

से बोर्ड ऑफ एवंगेलिज्म के

काम के लिए एक डाईरेक्टर

बहाल किए गए, जिसे गोस्नर

चर्च का मिशन-कार्य और

Gossner Mission

